▪ श्रावण कृष्णा - 9 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 7 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 29-07-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 असुरक्षित निर्माण की कीमत लोग जान गंवाकर चुका रहे : राहुल गांधी

# लोक कल्याण के समन्वित और मजबूत प्रयासों में जुटे केंद्र और राज्य : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित और मजबूत प्रयासों में जुट जाती हैं तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य निश्चित तौर से हासिल किया जा सकता है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्रबुद्धे की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने कहा कि विरासत का विकास करना और विकास की विरासत का निर्माण करना 'विकसित भारत' की संकल्पना में विशेष महत्व रखता है।



प्रधानमंत्री यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन उन्हें संबोधित कर रहे थे। मोदी ने देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के अपनी सरकार के एजेंडे के बारे में विस्तार से चर्चा की और कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

सहस्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न समूहों को लक्षित करते हुए सरकारी योजनाओं की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर भी जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे पी नड्डा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने 'मुख्यमंत्री परिषद' में भाग लिया। इसका आयोजन समय-समय पर होता रहता है और इसमें बड़े पैमाने पर शासन के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

पेरिस ओलंपिक में भारत की नारी शक्ति का जलवा

# मनु भाकर ने जीता ऐतिहासिक कांस्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शेटराउ/पेरिस/भाषा।** ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत का खाता खोला और 'नारी शक्ति' को समर्पित दूसरे दिन पदक उम्मीद पी वी सिंधू, निकहत जरीन और मनिका बत्रा ने भी जीत के साथ आगाज किया।



तीन बरस पहले टोक्यो ओलंपिक में पिस्टल खराब होने से रोते हुए लौटी मनु ने भगवद गीता के सार को आत्मसात किया और गुरू जसपाल राणा के मार्गदर्शन में पेरिस में इतिहास रच डाला। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद भारत को ओलंपिक में कांसा दिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदक जीतने के बाद मनु से फोन पर बात करके उन्हें बधाई दी।

रजत से सिर्फ 0.1 अंक से चूकी मनु ने कहा, ''मैंने भगवद गीता काफी पढ़ी है और वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए था। बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया था। हम भाग्य से नहीं लड़ सकते। आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते।''

राइफल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमश: महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाकर पदक की उम्मीद जगाई।

# कोचिंग सेंटर में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत

## मध्य दिल्ली के 'ओल्ड राजेंद्र नगर' इलाके में हुई दुर्घटना, मालिक और समन्वयक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके 'बेसमेंट' में शनिवार को पानी भर जाने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एम हर्षवर्धन ने कहा, ''हमने राजेंद्र नगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 106 (1) (जल्दबाजी या लापरवाही में किए कार्य से किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनना, जो आपराधिक मानव वध की श्रेणी में नहीं आता), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा), 290 (इमारतों को गिराने, मरम्मत करने या बनाने के संबंध में लापरवाही) और धारा 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।'' उन्होंने कहा, ''अब तक हमने दो लोगों- कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार किया है।''

डीसीपी ने कहा, ''तलाश और बचाव अभियान समाप्त हो गया है। 'बेसमेंट' से कुल तीन शव मिले हैं। सभी की पहचान कर ली गई है और हमने घटना के बारे में मृतकों के परिजन को सूचित कर दिया है।''

बचाव अभियान के दौरान दो छात्राओं और एक छात्र के शव घटनास्थल से बरामद किए गए। यह अभियान पुलिस और अग्निशमन विभाग ने चलाया।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में मारे गए अभ्यर्थियों की पहचान उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर की श्रेया यादव, तेलंगाना की तान्या सोनी और केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले नवीन दलविन के रूप में की गई है।

| 29-07-2024 | 30-07-2024 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 6:47 बजे | सूर्योदय 6:05 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 81,332.72 | 24,834.85 |
| (+1,292.92) | (+428.75) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 7,105 रु. | 85,600 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**पूर्वाग्रह छोड़ें**

क्या किसी एक दुर्घटना पर,
हम सबको दोषी कह डालें।
गलती तो कोई एक करे,
क्या बैर सभी से ही पालें।
ना धर्म जाति या वर्ग बुरे,
सबको ना इक साँचे ढालें।
जड़ताएं तज बन कर जहीन,
ऐसी सब स्थितियों को टालें।।

# जर्मनी में अमेरिकी मिसाइलों की तैनाती होने पर रूस भी जवाबी कार्रवाई करेगा : पुतिन



**मॉस्को/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि जर्मनी में अमेरिका द्वारा लंबी दूरी की और हाइपरसोनिक मिसाइलों की तैनाती की योजना के जवाब में रूस नये हमलावर हथियार तैनात कर सकता है। सेंट पीटर्सबर्ग में एक नौसैनिक परेड में, पुतिन ने जवाबी उपाय करने का संकल्प लिया।

अमेरिका ने इस महीने की शुरूआत में घोषणा की थी कि वह 2026 में हथियारों की तैनाती शुरू कर देगा ताकि फरवरी 2022 में यूक्रेन में मॉस्को के चौतरफा आक्रमण के बाद, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय देशों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर सके।


पुतिन ने कहा, अगर अमेरिका ऐसी योजनाओं को लागू करता है तो हम अपने नौसेना के तटीय बलों की क्षमता बढ़ाने सहित मध्यम और कम दूरी की मिसाइल की तैनाती पर पहले से लगाए गए एकतरफा प्रतिबंध से खुद को मुक्त मानेंगे। उन्होंने कहा कि मॉस्को द्वारा उपयुक्त हथियार प्रणालियों का विकास अपने अंतिम चरण में है।

वाशिंगटन और मॉस्को दोनों ने हाल के हफ्तों में मध्यम दूरी की मिसाइल तैनात करने में तत्परता का संकेत दिया है। इसपर 1987 की अमेरिका-सोवियत संधि के तहत दशकों से प्रतिबंध लगा हुआ था। अमेरिका ने 2019 में इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और मॉस्को पर मिसाइल परीक्षण करने का आरोप लगाया था, जो समझौते का उल्लंघन करता है।

रूस ने इन आरोपों का खंडन किया है। पुतिन वर्षों से यूरोप में अमेरिकी मिसाइलों की तैनाती को मॉस्को की क्षमताओं को बाधित करने के उद्देश्य से एक आक्रामक कदम बताते रहे हैं।

# एनटीए ने किए सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणामों की रविवार को घोषणा की, जिससे स्नातक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया। दाखिला प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हो गया है। एनटीए ने सात जुलाई को सीयूईटी-यूजी 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी थी, जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। लगभग एक हजार अभ्यर्थियों की शिकायत सही पाये जाने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) (नीट-यूजी) और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच सीयूईटी-यूजी के नतीजों में देरी हुई। शुरुआत में, सीयूईटी-यूजी परिणाम 30 जून को घोषित किए जाने थे, लेकिन एनटीए ने इसमें देरी कर दी, क्योंकि वह नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक के आरोपों से जूझ रही थी।





# आरोग्य फाउंडेशन ने पूरे किए सेवाकार्य के चार वर्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय आरोग्य फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया बेंगलूरु चैप्टर के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रोटरी हाउस पर वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें फाउंडेशन के अनेक राष्ट्रीय, प्रांतीय व महिला अधिकारी उपस्थित थे। फाउंडेशन ने चार वर्षों के कार्यकाल में 180 गांव तक पहुंच कर सेविका प्रशिक्षण द्वारा गांव में स्वच्छता, स्वास्थ्य, घरेलू उपचार एवं बीमारी रोकथाम के साथ-साथ टेली मेडिसिन इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य किया।

फाउंडेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में सगल यूज प्लास्टिक को रियूज करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल सभी आगंतुको को तुलसी पौधा एवं आयुर्वेदिक दंत मंजन भेंट में दिया गया।



# विग्रह व दुराग्रह से क्लेश बढ़ता है : साध्वीश्री सुधाकंवर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु।शहर के विजयनगर स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी ने कहा कि मनुष्य के अन्दर चौदह प्रकार के परिग्रह होते हैं, जहां विग्रह व दुराग्रह होता है वहाँ क्लेश बढ़ जाता है, जो आत्मा आरम्भ, परिग्रह का त्याग कर देता है, वह निर्वेग कहलाता है। साध्वी सुयशाश्री ने प्रातःकाल में आर्ट ऑफ लिविंग विषयक क्लास ली जिसमें जैन कांफ्रेंस कर्नाटक के युवा अध्यक्ष विकास कोठारी, विहार सेवा के सदस्य, मनोज बोहरा, चेतन गन्ना,राकेश दलाल राजाजी संघ के सह मंत्री राकेश लोढा, विजयनगर ट्रस्ट के सह मंत्री सुनील लोढा, विजयनगर युवा अध्यक्ष शंकर लाल दक, मंत्री महावीर गूगलिया,ज्ञानशाला प्रमुख पंकज मेहता आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

रविवार को बेंगलूरु के दानवीर बाबूलाल रांका, अशोक रांका, गोडवाड़ भवन के प्रमुख कुमारपाल सिसोदिया, अमरचंद गुंदेचा, रितेश पामेचा, जसवंत दलाल, अनिल कुमार लोढा सहित राजस्थान ने अनेक सदस्य उपस्थित हुए। महावीर सुराणा व पुखराज मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्ष आनंदकुमार नाहर ने सभी का स्वागत किया। मंत्री कन्हैया लाल सुराणा ने संचालन किया।



# धर्मांतरण को रोकना समाज व अभिभावकों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नजरबाद स्थित बुद्धि-वीर वाटिका के विशाल पंडाल में दूसरे जागरण सेमिनार में मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वर ने कहा कि बदलते युगीन परिवेश में धर्म के प्रति श्रद्धा को मजबूत करना और धर्मांतरण को रोकना समाज व अभिभावकों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। सोशल मीडिया का लुभावना माध्यम, कॉस्मोपॉलिटीन जीवन व्यवस्था, अनजानों के साथ बढ़ती घनिष्ठता, प्रेम का मायाजाल और कट्टरपंथियों के वैचारिक षडयंत्रों के कारण अब समाज की नई पीढ़ी की धर्मश्रद्धा डगमगा रही है। जगह-जगह धर्मांतरण हो रहा है। इसे रोकने के समुचित रास्ते खोजकर, समाज और अभिभावकों को योजनाबद्ध कार्य करने की आवश्यकता है।

जैनाचार्य ने कहा कि धर्मस्थानों के नवनिर्माण और धर्म के विधि-विधानों से पहले लोगों की धर्मश्रद्धा मजबूत करने की सख्त आवश्यकता है। विचारधारा ही कमजोर रही तो बालक-बालिकाओं तथा युवक-युवतियों को बदलने से हम रोक नहीं पाएंगे। जिनके विचार कमजोर होते हैं, उन्हें कोई भी बहका सकता है, किसी भी मोड़ पर वह जिंदगी बदल सकती है, बिखर सकती है। पिछले पांच वर्षों में जैन समाज में धर्मांतरण की हजारों घटनाएं बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अपने समाज के मासूमों की जिंदगी जोखिम में हैं। सिर्फ मंदिर या धर्मस्थानक के निर्माण, पूजा-पाठ, विधि-विधान, सामान्य धार्मिक ज्ञान, भोजन समारोह अथवा तप साधना के छोटे-बड़े आयोजनों से कुछ नहीं होगा। मुसलमानों, ईसाइयों, यहूदियों और सिखों की तरह अपनी विचारधारा में दृढ़ एवं अपरिवर्तनशील बनने की जरूरत है। उसके लिए घर-घर मे ज्ञान और सिद्धांतों की अलख जगानी होगी। अभिभावकों और प्रबुद्धजनों को समय देना होगा। समाज में इस कार्य को सबसे अधिक महत्व देना होगा। तभी धर्म और समाज की रक्षा हो सकती है। इस मौके पर भारत सरकार के नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने भी सेमिनार को संबोधित किया। कल्याण मित्र वर्षावास समिति की ओर से कांतिलाल चौहान, अशोक दांतेवाड़िया, वसंत राठौड़, प्रवीण दांतेवाड़िया और भंवरलाल लुंकड़ ने सिंघी का सम्मान किया।



# सुमतिनाथ संघ में हुई 'कौन बनेगा ज्ञानपति' प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रियाकल्पनाश्रीजी की निश्रा में महावीर भवन में 'कौन बनेगा ज्ञानपति' प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें मैसूरु के प्रतिभागियों को 13 मंडलों में बांटा गया तथा उनके ज्ञान की परीक्षा ली गई। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जनरल ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार राजेंद्र परिषद मंडल, तृतीय पुरस्कार वासुपुज्य बालिका मंडल को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सुमतिनाथ संघ के अध्यक्ष भैरूमल राठौड़, कोषाध्यक्ष पारसमल सिंघवी, ट्रस्टी प्रकाश सालेचा, सुरेश भिरलोचा, ताराचंद बंदामुथा, सुमतिनाथ नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयकुमार सालेचा, सचिव ललित राठौड, संदीप संकलेशा, नितेश सालेचा,अंकित, नितेश गुरु, रुपेश गुरु, पार्श्वपद्मावती ट्रस्ट के अध्यक्ष दलीचंद श्रीश्रीमाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जीवन को जीना आ गया तो जीवन सोना बन जाएगा : राजेशमुनि


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर स्थित लुणावत जैन स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री राजेशमुनि ने रविवारीय विशेष प्रवचन में 'मिट्टी को सोना' बनाने की कला पर प्रकाश डाला। सबसे पहले मुनि रिषभजी ने गायकी के माध्यम से जिनवाणी से जीवन निर्माण का महत्व बताया। राजेशमुनिजी ने कहा कि जैसे फसल को खाद और पानी की आवश्यकता होती है, उसी तरह जीवन में भी जिनवाणी रुपी खाद देनी पड़ेगी, तभी जीवन को सोना बनाना संभव होगा। जीवन को जीना तभी सार्थक होगा जब हमें गुरु शरण मिलेगी और उनके मुंह से जिनवाणी की वर्षा होगी। उसी वर्षा से हमारी आत्मा रूपी भूमि उपजाऊ बनकर जीवन को सोना स्वरुप प्रदान करके आत्म कल्याण में सहायक बनेगी, इसलिए हमें जागृत रहना है और जीवन को सोना बनाना है। जीवन को जीना आ गया तो जीवन सोना बन जायेगा।

हमारे विचार और व्यवहार शुद्ध हो तो जीवन सोना बन जाता है। इस शरीर रूपी मिट्टी को उपजाऊ बनाकर गुरु हमें ऐसा तराशते हैं कि उसमें रहने वाली आत्मा निखरकर सोना बन जाती है। पुरुषार्थ द्वारा हम भाग्य को बदलने की भी सामर्थ्य रखते है। मंत्री छगनमल लुणावत ने सभा का संचालन किया।

# धर्म को पाकर ही संसार से पार व मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है : आचार्य अरिहंतसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिंमधर शान्तिसूरि जैन संघ, वीवी पुरम के तत्वावधान में आचार्यश्री अरिहंतसागरसूरीश्वरजी ने संभवनाथ भवन में रविवार को प्रवचन देते हुए कहा कि अल्पज्ञानी, सामान्य साधक भी धर्म को पाकर इस संसार से मुक्त होकर भवसागर से पार उतर सकता है, मोक्ष प्राप्त कर सकता है। श्रावक भी साधना करके महान बन सकता है। जैन धर्म के शास्त्र बहुत ही तटस्थ एवं प्रामाणिक है ।

कर्मवश या प्रमादवश कोई भूल यदि महापुरुष की हुई हो तो उसका उल्लेख शास्त्रों में आता है, ताकि वह त्रुटि भविष्य में अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा न हो। उन्होंने राजा कुमारपाल कुमारपाल के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जब कुमारपाल का जन्म हुआ, तब आकाश में देव वाणी हुई कि यह बालक सत्त्वशाली, सत्त्वशिरोमणी, जीवों का बेली, जी अबोल प्राणियों का आधार बनेगा। पराक्रमी होगा। गुण, दोष अथवा गुण और अवगुण हम पूर्वभव से साथ में लेकर आ सकते है। आठ चीजें ऐसी है जो हम परभव तक साथ ले जा सकते है। कर्म, तेजस शरीर, पुण्य पाप गुण दोष, अच्छे एवं बुरे संस्कार । कोई भी भौतिक चीज हम दूसरे भव में साथ में नहीं ले जा सकते है। धन-दौलत, पुत्र-पत्नी परिवार, जमीन जायदाद इत्यादि सभी यहाँ रह जाता है, हम प्रत्यक्ष देखते है। फिर भी हमारी मेहनत किसके लिए है हम किसके पीछे दौड़ रहे है ? जो यहीं रह जाएगी उसके लिए या जो वस्तु साथ में आएगी उसके लिए हम प्रयत्नशील है? मिली हुई भौतिक सामग्री द्वारा. दया-दान, परोपकार, प्रभु भक्ति, पूजा, सामायिक, प्रतिक्रमण, प्रवच श्रवण इत्यादि करके गुणों को प्राप्त करना । साथ ही वे गुण इतने दृढ बन जाए कि संस्कार के रूप में परभव में भी साथ में आए, इसके लिए निरंतर प्रयास करना ।



# कमलानगर में आयोजित नेत्र जांच शिविर में 342 रोगी हुए लाभान्वित

## डॉ नरपत सोलंकी का किया गया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के कमलानगर में महादेवप्पा प्रतिष्ठान के संस्थाप की स्मृति में पार्षद एम शिवकुमार द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य प्रो. अजय गौड़ा ने किया। समारोह की अध्यक्षता केशव मूर्ति और श्रीमती महादेवप्पा ने की।

डॉ. सोलंकी नेत्र अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. नरपत सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ सोलंकी व उनकी टीम ने शिविर में कुल 342 रोगियों की जांच की गई और 68 रोगियों को मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चुना गया, जिनका ऑपरेशन डॉ. सोलंकी नेत्र अस्पताल में प्रोजेक्ट दृष्टि की टीम द्वारा किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चश्में वितरित किए गए।

इस अवसर पर अजय गौड़ा ने वंचितों की मदद के लिए ऐसे शिविरों की आवश्यकता पर बल दिया। पार्षद व अन्य अतिथियों ने डॉ. नरपत सोलंकी और उनकी टीम को सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि गत 23 वर्ष से सेवारत प्रोजेक्ट दृष्टि, ने भारत और विदेश के विभिन्न भागों में 5347 शिविरों के माध्यम से 345000 सर्जरी की है।

# भक्त के वश में होते हैं भगवान : संतश्री हरिदास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के विश्वकर्मा जांगिड़ सुथार समाज के विश्वकर्मा भवन में चल रहे चातुर्मास सत्संग के दौरान कबीर आश्रम अटपड़ा के संत हरिदास महाराजजी ने भक्तमाल कथा में का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु अपने आप में सर्वशक्तिमान व सर्वश्रेष्ठ है फिर की भगवान हमेशा भक्त के वश में रहते हैं। प्रभु को हमेशा उनकी भक्ति से जीता जा सकता है। प्रभु से बड़ी प्रभु की भक्ति होती है। जब जब भक्त पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ प्रभु को याद करते हैं तब तब प्रभु भक्त की लाज बचाने के लिए नंगे पांव दौड़े चले आते है, इनका उदाहरण हमें महाभारत व रामायण में साक्षात देखने को मिलता है। हमें अपने प्रभु को मंदिर में नहीं अपितु अपने मन के मंदिर में विराजमान करना चाहिए ताकि हमारा कल्याण हो जाए। रविवार को कथा में जांगिड़ समाज के सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे।

## नवकार महामंत्र अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के शांतिनगर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में केसरसूरी समुदाय की साध्वीश्री भव्यप्रभाश्रीजी की निश्रा में रविवार को महाप्रभाविक नवकार महामंत्र अनुष्ठान का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# भारत को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरतः नीति दस्तावेज

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत को 2047 तक 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण पत्र में यह बात कही गई है। नीति आयोग ने '2047 में विकसित भारत के लिए सोच: एक दृष्टिकोण पत्र' शीर्षक वाले एक पत्र में कहा कि भारत को मध्यम आय के जाल से बचने और इससे बाहर निकलने की दिशा में सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है।

इसके मुताबिक, ''एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर सालाना हो।''

दृष्टिकोण पत्र के मुताबिक, ''सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को आज के 3,360 अरब अमेरिकी डॉलर से नौ गुना और प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से आठ गुना बढ़ाना होगा।''

# केंद्र सरकार के बजट में किसी भी राज्य से कोई भेदभाव नहीं : वीरेंद्र कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हाल ही में पेश बजट को लेकर विपक्ष के आरोपों को ''पूरी तरह बेबुनियाद'' करार देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि बजट में किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है।

कुमार ने इंदौर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा,''हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा के आधार पर सबके साथ समानता का व्यवहार करती है। बजट में किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है।''

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से विपक्ष के इन आरोपों पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी कि राजनीतिक कारणों से बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को अपेक्षाकृत ज्यादा उपकृत किया गया है, जबकि अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।

कुमार ने कहा,''विपक्षी दल हताशा, निराशा और उदासी के दौर से गुजर रहे हैं क्योंकि मतदाताओं ने उन्हें लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। वे (विपक्षी नेता) इस झुंझलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं का लाभ सभी राज्यों को मिलता है, इसलिए विपक्ष का यह आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है कि बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।

# चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए बारीक नजर की जरूरतः अधिकारी

**नई दिल्ली/भाषा।** चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के प्रति 'बारीक' नजर की जरूरत है और सरकार इलेक्ट्रिक वाहन तथा बैटरी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में पड़ोसी देश के एफडीआई आवेदनों पर विचार कर सकती है। अधिकारी ने यह राय देते हुए कहा कि चीन से ऐसे क्षेत्रों में एफडीआई लिया जा सकता है, जिनके विकल्प दूसरे देशों में उपलब्ध नहीं हैं। चीन के पास विभिन्न प्रकार के कुछ आधुनिक पूंजीगत उपकरण हैं, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इस मुद्दे पर बारीक नजर की वकालत करते हुए सरकारी अधिकारी ने कहा कि हालांकि प्रेस नोट तीन के तहत नियमों को आसान बनाने की कोई योजना नहीं है, लेकिन उन क्षेत्रों में चीनी आवेदनों में तेजी लाई जा सकती है, जहां भारत को विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। प्रेस नोट तीन के तहत, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले एफडीआई प्रस्ताव के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाक, भूटान, नेपाल, म्यांमा व अफगानिस्तान हैं। अधिकारी ने कहा, ''हमें इस बात पर बारीकी से विचार करना होगा कि हमें उनकी (चीनी एफडीआई की) कहां जरूरत है और वे हमारी कहां मदद करने जा रहे हैं। हम उनके आने और अधिक मोबाइल बनाने में रुचि नहीं रखते हैं, लेकिन बैटरी या ई-वाहन जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में उनके (चीन के) पास वास्तव में अच्छी तकनीक है।''

# महाराष्ट्रः महिलाओं से शादी कर उनसे ठगी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पालघर/भाषा।** देशभर में 20 से अधिक महिलाओं के साथ कथित तौर पर शादी करने और उनसे कीमती सामान की ठगी करने को लेकर महाराष्ट्र की पालघर जिला पुलिस ने 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि नाला सोपारा निवासी एक महिला की शिकायत की जांच कर रही मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने 23 जुलाई को ठाणे जिले के कल्याण से आरोपी फिरोज नियाज शेख को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ निरीक्षक विजयसिंह भागल ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने एक वैवाहिक वेबसाइट पर उससे दोस्ती की और उससे शादी की। उन्होंने बताया कि शेख ने अक्टूबर और नवंबर 2023 में महिला से 6.5 लाख रुपये की नकदी, एक लैपटॉप और अन्य कीमती सामान लिए। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, चेकबुक और गहने बरामद किए हैं। जांच से पता चला है कि शेख वैवाहिक साइट पर तलाकशुदा और विधवा महिलाओं से संपर्क करता था। इसके बाद वह महिलाओं से शादी कर उनकी कीमती वस्तुएं ठग लेता था।

# पंजाब में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है और दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी विदेश में रह दो मादक पदार्थ तस्करों के लिए काम कर रहे थे। यादव ने पोस्ट में कहा, ''पंजाब पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है और उनके पास से मादक पदार्थ से जुड़ी एक करोड़ रु. की राशि भी बरामद की है।'' उन्होंने कहा, ''विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्करों-गुरजंट सिंह भोलू और किंदरबीर सिंह उर्फ सनी दयाल के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया गया है।''

# निवेशकों को आकर्षित करने के लिए स्टार्टअप पर से एंजल कर हटाया गया: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि सभी वर्ग के निवेशकों के लिए 2012 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा लागू किए गए एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप कंपनियों को निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने से न केवल छोटे कारीगरों को मदद मिलेगी, बल्कि देश के रत्न एवं आभूषण निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बजट के बाद यहां उद्योग जगत के साथ बातचीत में कहा, ''बजट 2024-25 में एंजल कर हटा दिया गया है और इसके जरिये हम देश में निवेशकों को आकर्षित कर सकेंगे।''

गोयल ने बताया कि बजट में देश में 12 औद्योगिक 'टाउनशिप' स्थापित करने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इनमें से एक महाराष्ट्र में होगा और इससे रोजगार सृजन तथा उद्योग एवं व्यापार के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिलेगी। बजट में हीरा कारोबार को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाने की घोषणा की गई है।

भारत हीरा कटाई और पॉलिशिंग क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी है, जिसमें बड़ी संख्या में कुशल श्रमिक काम करते हैं। बजट में घोषणा की गई है कि भारत देश में कच्चे हीरे बेचने वाली विदेशी खनन कंपनियों के लिए सुरक्षित बंदरगाह दरें प्रदान करेगा। एंजल कर (30 प्रतिशत की दर से आयकर) ऐसी गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई गई धनराशि पर लगाया जाता था, यदि उनका मूल्यांकन कंपनी के उचित बाजार मूल्य से अधिक होता था।



## बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक में फैसला

# राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा की तीखी लड़ाई जारी रहेगी : प्रहलाद जोशी

### बैठक में केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, जद एस नेता शामिल हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बीजेपी ने राज्य सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज करने का फैसला किया है। रविवार को बेंगलूरु में प्रदेश भाजपा प्रमुख विजयेन्द्र येडीयुरप्पा के नेतृत्व में संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति के सदस्यों की बैठक में इस पर चर्चा हुई और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को जारी रखने की बात कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ जनजागरण के लिए संघर्ष शुरू किया जा रहा है। राज्य की कांग्रेस सरकार वाल्मिकी निगम घोटाला, मुदा घोटाला समेत घोर भ्रष्टाचार में लिप्त है। मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह अपरिहार्य है कि विपक्षी भाजपा को इसके खिलाफ अपनी लड़ाई तेज करनी चाहिए।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री येडीयुरप्पा, केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी, विपक्ष के नेता आर अशोक, पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा, सांसद गोविंदा कारजोल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाड़ी नारायण स्वामी, विधायक अश्वथ नारायण और बीजेपी और जेडीएस गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे।

### कांग्रेस के घोटालों को लेकर मैसूरु पदयात्रा 3 अगस्त से : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

बेंगलूरु। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कहा कि भाजपा-जेडीएस मिलकर कर्नाटक में हुए वाल्मिकी निगम घोटाले, मुडा घोटाले और दलितों के पैसे को अन्य उद्देश्यों के लिए स्थानांतरित करने की निंदा करते हुए 3 अगस्त से बेंगलूरु से मैसूरु तक पदयात्रा करेगी। रविवार को बेंगलूरु में हुए बीजेपी-जेडीएस पार्टी नेताओं की बैठक में इस पर चर्चा की गई और फैसला लिया गया। बेंगलूरु से मैसूरु तक पैदल चलने में 7 दिन लगेंगे। पदयात्रा में वरिष्ठ नेता बीएस येडीयुरप्पा, केन्द्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी शामिल होंगे और पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। इस पदयात्रा का समापन 10 अगस्त को होगा। उन्होंने कहा कि वाल्मिकी निगम घोटाले में 187 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गयी। उन्होंने कहा कि मुडा में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।



### मुख्यमंत्री इस्तीफा दें : बीएस येडीयुरप्पा

बेंगलूरु। बैठक में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा ने बात की और लोगों से अनुरोध किया कि भ्रष्ट सरकार को हटाने के संघर्ष में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियां मिलकर लड़ेंगी और हजारों लोग मिलकर लड़ेंगे। जब तक राज्य के मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देंगे तब तक संघर्ष नहीं रुकेगा। इसे लेकर लोकसभा और राज्यसभा में भी चर्चा हो रही है। उन्होंने मांग की कि अगर मुख्यमंत्री में जरा भी सम्मान है तो उन्हें अपराध स्वीकार कर इस्तीफा दे देना चाहिए।



## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने मंत्रियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अपील की

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने रविवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और बाढ़ राहत कार्यों में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, कर्नाटक में भारी बारिश हो रही है और ज़्यादातर जलाशय भर गए हैं। जलाशयों से बाढ़ का पानी छोड़े जाने के कारण नदियाँ उफान पर हैं। संपत्ति, फ़सल और पशुधन को नुकसान पहुँचने की ख़बरें मिली हैं। इस संकट की घड़ी में, हमारा कर्तव्य है कि हम अपने लोगों के साथ खड़े हों।

उन्होंने कहा, इस पृष्ठभूमि में, मैं अपने कैबिनेट सहयोगियों से अपील करता हूं कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों और अन्य क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों की समस्याओं का समाधान करें। बारिश के देवताओं की बदौलत, इस साल हमें अच्छी बारिश मिल रही है, लेकिन बारिश ने कुछ क्षेत्रों में समस्याएं भी पैदा की हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में, हमें राज्य के लोगों के साथ खड़े होने की जरूरत है।



## केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी की नाक से प्रेसवार्ता के दौरान खून बहने लगा, अस्पताल में भर्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी रविवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान अपनी बात रख रहे थे तभी उनकी नाक से खून बहने लगा जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता कुमारस्वामी भाजपा नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि उनकी नाक से खून निकल रहा है।

इस्पात एवं भारी उद्योग विभाग संभाल रहे केंद्रीय मंत्री ने खून पोंछने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही खून उनकी ठुड्डी से नीचे बहने लगा और फिर उनकी सफेद शर्ट पर गिर गया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया। कुमारस्वामी के बेटे निखिल आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। बाद में मीडिया से बात करते हुए निखिल ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं। निखिल ने कहा कि व्यस्तता के कारण उनके पिता आराम नहीं कर पाए, जो इस घटना का कारण हो सकता है।

# क्या एससी-एसटी के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है? : वाल्मीकि घोटाले पर निर्मला सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या आदिवासी वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति निगम में 88 करोड़ रुपये के अवैध अंतरण सहित 187 करोड़ रुपये के घोटाले का जिक्र करते हुए सीतारमण ने सिद्दरामय्या पर तथ्यों को छिपाने और केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया, क्योंकि इसमें एक राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक अधिकारी शामिल थे।

सिद्दरामय्या ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए क्योंकि इसमें बैंक शामिल थे।

सीतारमण ने कहा, वह ऐसा इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उन्हें इस तरह की बातें करने की आदत है...यह बहुत गैरजिम्मेदाराना है। आपके मंत्री ने इस्तीफा दिया...आपके लोग कह रहे हैं कि पैसा निजी खातों में जमा किया गया। मंत्री ने कहा कि बैंक अधिकारियों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और आगे भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उन्हें कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

हालांकि, उन्होंने सवाल किया, ''किसकी चूक पर एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा? दोष मढ़ने का प्रयास किया गया, यह कहा गया कि कोई घोटाला नहीं हुआ है। यह एससी/एसटी का पैसा है। वाल्मीकि समुदाय के पैसे से हेराफेरी की गई।'' मंत्री ने कहा, ''वे (कांग्रेस) चुनाव प्रचार के दौरान न्याय की बात करते हैं। क्या एससी/एसटी समुदायों के लिए यही न्याय है?''

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दलित समुदायों के लिए न्याय करने और उनके उत्थान की नीतियां बनाने को लेकर अब होगा न्याय' का नारा दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक पहले से ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने सिद्दरामय्या से पूछा कि घोटाले में शामिल मंत्री और वित्त विभाग संभाल रहे मुख्यमंत्री ने बैंक को अवैध रूप से धन अंतरित करने से क्यों नहीं रोका। निर्मला सीतारमण ने कहा, आपने सारी चीजों से इनकार किया। जो पैसा निजी खातों में गया, उसके बारे में आप विधानसभा में जाकर कहते हैं कि यह 180 करोड़ या 140 करोड़ रुपये नहीं, यह केवल 80 करोड़ रुपये है। आप इसे छिपा रहे हैं। यह अपमानजनक बात है जो विशेष रूप से एससी/एसटी के पैसे के साथ हो रही है।



इस घोटाले में वाल्मीकि निगम के विभिन्न खातों में जमा 187.33 करोड़ रुपये, जिनमें सरकारी खजाने में 40 करोड़ रुपये भी शामिल हैं, को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमजी रोड शाखा में अंतरित कर दिया गया। कुल 187.33 करोड़ रुपये में से 88.63 करोड़ रुपये अवैध रूप से तेलंगाना में कम से कम 217 बैंक खातों में अंतरित किए गए, जिनमें 18 कंपनियां भी शामिल थीं।

इस मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। यह घोटाला तब प्रकाश में आया जब वाल्मीकि निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने आत्महत्या कर ली। चंद्रशेखरन ने आत्महत्या से पहले छोड़े गए एक पत्र में विस्तार से बताया कि किस प्रकार धन अंतरित किया गया तथा घोटाले में निगम और बैंक अधिकारियों की क्या भूमिका थी।

विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर इस घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। विपक्षी दल ने आरोप लगाया है कि धन का अंतरण वित्त मंत्रालय के प्रमुख सिद्दरामय्या की जानकारी के बिना नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

## वाल्मीकि निगम घोटाला

### आरोपियों के पास से 16 किलो सोना, 2.5 करोड़ रुपये नकद जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले की जांच के क्रम में विशेष जांच दल ने दो आरोपियों से 16 किलोग्राम सोना और 2.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। एसआईटी से जुड़े शीर्ष सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हाल ही में छापेमारी की गई थी और सत्यनारायण वर्मा के घर से 15 किलो सोना बरामद किया गया था। वर्मा ने यह भी कबूल किया था कि उसने अपराध से प्राप्त धन से लम्बर्गिनी कार खरीदी थी।

एसआईटी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि काकी श्रीनिवास राव के पास से एक किलो सोना बरामद किया गया है। दोनों को इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा एक बिल्डर के पाससे 2.5 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए गए, जिसे वर्मा ने एक आलीशान फ्लैट खरीदने के लिए कथित तौर पर भुगतान किया था।

## मणिपाल और पेराम्पल्ली में तेंदुए घर के बरामदे में घूमते हुए देखे गये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। मंगलूरु से लगभग 150 किलोमीटर दूर उडुपी जिले के मणिपाल और पेराम्पल्ली इलाके में कुछ घरों के बरामदे एवं अहाते में तेंदुओं के घूमने का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। मंगलूरु क्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक डा. वी करिकलन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शुक्रवार रात उडुप्पी जिले के मणिपाल एवं पेराम्पल्ली इलाकों में तेंदुओं को एक घर के बरामदे में और कुछ अन्य घरों के अहाते में घूमते हुए देखा गया। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि मंगलूरु वन क्षेत्र में पश्चिमी घाट की पहाड़ियों से प्रति वर्ष शहरी रिहायशी इलाकों में तेंदुओं के आने की चालीस से पचास घटनाएं होती हैं और रिपोर्ट मिलने पर वन विभाग इन तेंदुओं को पकड़ कर वापस जंगली क्षेत्र में छोड़ देता है। उन्होंने बताया कि उडुप्पी, कुंदापुर एवं मणिपाल में तेंदुओं के घूमने की इन घटनाओं में कुछ नया नहीं है। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात पेराम्पल्ली में एक घर के आसपास तेंदुए को घूमते हुए देखा गया। जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। वन अधिकारियों ने बताया कि घटना रात लगभग 11:15 बजे की है, जब घर के लोग अपने कुत्ते की तेजी से भौंकने की आवाज सुनकर जाग गए। उन्होंने खतरा भांपते हुए दरवाजा नहीं खोला हालांकि, जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो उनके डर की पुष्टि हो गई।

मंगलूरु के मुख्य वन संरक्षक डा. वी करिकलन ने बताया कि शहरी इलाकों में आम तौर पर रात के समय कुत्तों को अपना शिकार बनाने के लिए तेंदुए जंगलों से बाहर आ जाते हैं लेकिन अब तक उन्होंने मानव जाति को विरले ही कोई नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि बीती रात मणिपाल में घरों में घूम रहे तेंदुओं की तलाश का अभियान जारी है।

## ध्रुव पाटिल ने वन्यजीव बोर्ड नामांकन और मंत्री पिता के बीच संबंध से किया इनकार

विजयपुरा। हाल ही में राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य के रूप में मनोनीत ध्रुव पाटिल ने रविवार को कहा कि उनकी नियुक्ति का उनके पिता, मंत्री एमबी पाटिल से कोई संबंध नहीं है। इसके बजाय, वे अपने मनोनयन का श्रेय पिछले ग्यारह वर्षों में संरक्षणवादी और वन्यजीव फोटोग्राफर के रूप में उनके व्यापक काम को देते हैं।

उन्होंने कहा, यह आरोप निराधार है कि मुझे मंत्री का बेटा होने के कारण एसडब्लूएलबी में मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा, हालांकि मैं अमेरिका में अपनी पढ़ाई कर रहा हूं, लेकिन मैं हर साल छुट्टियों में यहां आता हूं और चार महीने तक रहता हूं। ऐसी यात्राओं के दौरान मैं लगभग तीन महीने काबिनी और बांदीपुरा के जंगलों में बिताता हूं। उन्होंने मनुष्य-वन्यजीव संघर्ष के अपने व्यापक अध्ययन और एक वन्यजीव फोटोग्राफर के रूप में अपनी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें ब्लैक पैंथर और बाघ की दुर्लभ तस्वीरें कैद करना भी शामिल है। हां, प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए कुछ छोटे-मोटे समायोजन की आवश्यकता है। यहाँ संशोधित संस्करण दिया गया है: वन्यजीवों के प्रति अपने लंबे समय से चले आ रहे जुनून को व्यक्त करते हुए ध्रुव ने बताया कि उनकी रुचि आठ साल की उम्र से ही शुरू हो गई थी। वह राज्य वन्यजीव बोर्ड में अपने नामांकन को अपने समर्पण की आधिकारिक मान्यता के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि मैं संरक्षण नीतियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करके जैव विविधता के संरक्षण में योगदान दे सकता हूं।



## भारी बारिश के कारण कृष्णा-कावेरी बेसिन की नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के पार पहुंचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र ने कृष्णा और कावेरी बेसिन की आठ नदियों के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से उच्च स्तर की सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। इन नदियों में जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गए हैं। शनिवार तक कृष्णा बेसिन में बेलगावी में गोकक फॉल्स स्टेशन पर घाटप्रभा नदी, हावेरी में कुप्पेलुर स्टेशन पर कुमुदवती नदी और शिवमोग्गा, महिषी और चिकमगलूर जिलों में तुंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर है। कावेरी बेसिन में चिकमगलूर में बेट्टादमने स्टेशन पर हेमावती नदी, कोडागु में मुक्कोडलू स्टेशन पर हरंगी नदी और चामराजनगरा में कोल्लेगल स्टेशन पर कावेरी नदी के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आने की आशंका है।

हरंगी नदी को छोड़कर बेसिन क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के कारण अन्य सभी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इस बीच चामराजनगर की जिलाधिकारी शिल्पा नाग सी टी ने निचले इलाकों के कई गांवों में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर अलर्ट जारी किया है। इसका कारण यह है कि काबिनी और कृष्णराजसागर जलाशयों से कावेरी नदी में 1,70,000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। परिपत्र में कहा गया है कि प्रभावित लोगों के लिए देखभाल केंद्र और मवेशियों के लिए ऊंचे स्थानों पर छप्पर बनाए गए हैं।

बेंगलूरु स्थित भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के निदेशक सी पी पाटिल ने बताया कि इस मानसून के दौरान कर्नाटक के अधिकांश भागों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण राज्य में अब तक 57 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर कर्नाटक में जनवरी से जुलाई के बीच 220.9 मिलीमीटर बारिश होती है, लेकिन इस साल 27 जुलाई तक यह आंकड़ा 346.4 मिमी है।



## सीएच विजयशंकर बने मेघालय के राज्यपाल

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा के नेता एवं मैसूरु से पूर्व सांसद सीएच विजयशंकर का मेघालय का राज्यपाल बनाया गया है।



## सरकारी जमीन का मकान गिरने पर भी 1 लाख रु. मुआवजा : केजे जॉर्ज

चिकमगलूरु/दक्षिण भारत। चिकमगलूरु जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने बारिश से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया और सरकारी जमीन पर बने मकान गिरने वालों को 1 लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाएंगे। अगले दो दिनों में सरकारी आदेश जारी किया जाएगा।

जिले में बारिश से क्षतिग्रस्त हुए इलाकों का दौरा करने और स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'हालांकि डीम्ड फॉरेस्ट समेत सरकारी जमीन पर बने घर बारिश के कारण ढह गए हैं, लेकिन हाल ही में हुई कैबिनेट में इस पर फैसला लिया गया है. 1 लाख रुपये का मुआवजा देने के लिए बैठक, तदनुसार मुआवजा वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा, फिलहाल बारिश के कारण गिरे मकानों को तत्काल राहत के तौर पर 1.20 लाख रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा 3.80 लाख रुपये और दिए जाएंगे और राजीव गांधी आवास योजना के तहत मकान बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पहाड़ी और तटीय इलाकों में बिजली के पेड़ गिर गए हैं और बिजली की लाइनें, खंभे और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, इन हिस्सों में अधिक गैंगमैन उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि चिकमंगलूर जिले के लिए 503 गैंगमैन पद स्वीकृत किए गए हैं, अतिरिक्त 210 गैंगमैन हालांकि पहाड़ी क्षेत्र में 2,000 लाइन मैन की भर्ती की जा रही है और तटीय जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि इस बार भारी बारिश के कारण समस्या थोड़ी बढ़ गई है। चूंकि भारी बारिश का पूर्वानुमान था, इसलिए एक महीने पहले ही आवश्यक तैयारी करने का सुझाव दिया गया था। इस प्रकार, समस्या आने पर तुरंत प्रतिक्रिया देना संभव हो सका।

उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर चिक्कमगलुरु जिले में बारिश के कारण सड़कों को हुए नुकसान और भूस्खलन पर एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। उपलब्ध धन के साथ आपातकालीन कार्यों को करने का सुझाव दिया गया है।



## वित्त मंत्री ने कर्नाटक में महंगाई, खराब कानून-व्यवस्था के लिए कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि कर्नाटक में महंगाई और खराब कानून-व्यवस्था कांग्रेस सरकार की देन है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्याद्वारा राज्य के साथ अन्याय किये जाने के आरोप पर सीतारमण ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से ईंधन, दूध और स्टांप शुल्क की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बदहाल पूंजीगत व्यय के कारण खराब हुई है। कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य निर्मला सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा, महंगाई में राज्य सरकार का योगदान है, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत अधिक है। और मैं यह इसलिए कह रही हूं कि जून 2023 और जून 2024 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर औसत महंगाई 5.4 प्रतिशत थी, लेकिन कर्नाटक में यह 6.1 प्रतिशत दर्ज की गयी।

केंद्रीय मंत्री ने राज्य में पिछली भाजपा सरकार और मौजूदा कांग्रेस शासन के बीच अंतर बताते हुए कहा कि जून 2022 से मई 2023 के बीच कर्नाटक में महंगाई राष्ट्रीय औसत से कम थी। उन्होंने कहा कि जून 2022 से मई 2023 तक राष्ट्रीय स्तर पर औसत महंगाई छह प्रतिशत थी, जबकि इस दौरान कर्नाटक में महंगाई दर 5.39 प्रतिशत थी। वित्त मंत्री ने कारणों का हवाला देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमश तीन और 3.5 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि दूध की कीमतों में पांच रुपये इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि संपत्ति मार्गदर्शन मूल्य 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत, स्टांप शुल्क 200 प्रतिशत बढ़ाकर 500 प्रतिशत करने के साथ वाहन पंजीकरण शुल्क तीन प्रतिशत बढ़ाया गया है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों पर अतिरिक्त आजीवन कर लगाया गया है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि राजस्व घाटा बहुत अधिक है। कर्नाटक को इस वर्ष बजट में उसका उचित हिस्सा नहीं दिये जाने के सिद्दरामय्याके आरोपों को खारिज करते हुए सीतारमण ने कहा कि धन आवंटन के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं।

# आरएसएस नेता हरिभाऊ बागड़े राजस्थान के नये राज्यपाल होंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। 'नाना' के नाम से मशहूर बागड़े को खेती के प्रति उनके जुनून के लिए जाना जाता है और राज्य के छत्रपति संभाजीनगर में एक साधारण परिवार से आने के बावजूद राजनीति में खास पहचान बनाने के लिए उनका काफी सम्मान किया जाता है।

बागड़े ने राज्यपाल के तौर पर अपनी नयी जिम्मेदारी के बारे में पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मुझे फोन करके सूचित किया कि मुझे महाराष्ट्र से बाहर जाना पड़ेगा। उन्होंने मुझे किसी को इसके बारे में न बताने के लिए भी कहा। बागड़े ने कहा, मैं 12-13 साल की उम्र से आरएसएस से जुड़ा हुआ हूं और इसका तीन साल का प्रशिक्षण पूरा किया है। 1980 तक मैं जन संघ के साथ था। मुझे चुनौतियां स्वीकार करना पसंद है। हो सकता है कि इतने साल तक पार्टी में मेरे काम के कारण मुझे इस पद के लिए चुना गया हो। बागड़े ने कहा कि उनके सहयोगी देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष



बनाया था। फडणवीस अभी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं। बागड़े (79) ने कहा, मैंने कभी कोई पद नहीं मांगा। हो सकता है कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने राज्यपाल पद के लिए मेरा नाम सुझाया हो। मैं नयी जिम्मेदारी के साथ पूरा न्याय करने का प्रयास करूंगा। बागड़े पर विधानसभा अध्यक्ष पद पर रहते हुए विपक्षी सदस्यों के विचार न सुनने के आरोप लगे थे। महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनने के बाद जब कांग्रेस नेता नाना पटोले विधानसभा अध्यक्ष बने, तो कुछ विधायकों ने बागड़े के खिलाफ टिप्पणियां की थीं।


भाजपा नेता ने सदन को संबोधित करते हुए एक बार कहा था कि शुरुआती वर्षों में ठंड की सुबहों में दोपहिया वाहन पर दूध बेचने से उनकी बाएं कान से सुनने की क्षमता खत्म हो गई थी। बागड़े 1985 में पहली बार विधायक चुने गए थे। उन्होंने पांच बार फुलंब्री विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह 1995 में शिवसेना-भाजपा सरकार के सत्ता में आने पर रोजगार गारंटी योजना मंत्री बने और 2014 में फडणवीस के मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने के बाद उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया।

बागड़े ने बताया कि वह अपने परिवार में औपचारिक रूप से शिक्षा प्राप्त करने वाले पहले सदस्य थे। उनका परिवार सामाजिक कार्यों से जुड़ा था। वह नौकरी करना चाहते थे, लेकिन आरएसएस के उनके मार्गदर्शक ने उन्हें खेती करने के लिए कहा था। खेती बागड़े के लिए जीवन भर का जुनून बन गई और उन्होंने अपने घर का नाम भी 'फुलंब्री कृषि योग' रखा है।

# जल्दी ही बीकानेर को मिलेगी वंदे भारत ट्रेन की सौगात : मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बीकानेर। पिछले कई वर्षों में रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल में काफी रेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। अब रेलवे बीकानेर मंडल की रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए एक और बड़ी सौगात देने जा रहा है। बीकानेर दौरे पर आए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज इस संबंध में एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान बताया कि दो महीने बाद यानी अक्टूबर महीने से बीकानेर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन संचालित होना शुरू हो जाएगी। हालांकि यह ट्रेन कहां के लिए चलेगी इस बारे में अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन जानकारों का मानना है कि संभवत: यह आधुनिक ट्रेन बीकानेर से दिल्ली के बीच चलाई जाएगी।

गौरतलब है कि बीकानेर के बाशिंदों द्वारा पिछले काफी समय से मांग की जा रही थी कि वंदे भारत ट्रेन बीकानेर रेलवे स्टेशन से भी चलाई जाए। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी लगातार इस ओर प्रयास कर रहे थे। ऐसे में अब वंदे भारत ट्रेन संचालित किए जाने की घोषणा बीकानेर और आसपास क्षेत्रों के लोगों के लिए खुशी की खबर है।

# मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री ने राजस्थान के नवनियुक्त राज्यपाल को शुभकामनाएं दीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत ने राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े जी को वीरभूमि राजस्थान का महामहिम राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने कहा, आपके सानिध्य और कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान प्रदेश 'विकसित राजस्थान' बनने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। शर्मा ने असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को पंजाब राज्य का राज्यपाल तथा संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़ का प्रशासक और ओमप्रकाश माथुर को सिक्किम राज्य का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े जी को राजस्थान का राज्यपाल मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। गहलोत ने कहा, यह मेरे सौभाग्य है कि कलराज मिश्र (वर्तमान राज्यपाल) के साथ मुझे काम करने का अवसर मिला और उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ हमें मिला। कलराज मिश्र का राज्यपाल के रूप में कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा।



## तीर्थयात्रा

जयपुर में रविवार को भगवान शिव के भक्त (कांवड़िए) जयपुर के बड़ी चौपड़ में 'श्रावण' के पवित्र महीने में अपनी तीर्थयात्रा के दौरान।



# विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने की जनसुनवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलेभर से आए फरियादियों की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की परिवेदनाओं को त्वरित निस्तारित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

इस दौरान पटेल ने जोधपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई में आए फरियादियों ने शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल सहित अन्य आमजन से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री पटेल को सौंपी जिस पर उन्होंने परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

पटेल ने कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल सके। साथ ही, अंतिम छोर तक इन योजनाओं का लाभ पंहुचे, इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन में राज्य सरकार प्रदेश के चहुमुंखी विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, प्रदेशवासियों के जनकल्याण के लिए पारदर्शिता एवं निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जन सुनवाई में जन हितैषी कार्यों की सुनवाई कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान की जा रही है।

# कैग रिपोर्ट में राजस्थान परिवहन विभाग की कई त्रुटियों को उजागर किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चार पहिया वाहन का वजन तीन किलोग्राम से भी कम, खरीद की तारीख से पहले ही वाहन का पंजीकरण और 50 लोगों के बैठने की क्षमता वाली कार...ये कुछ ऐसी त्रुटियां हैं जो भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने राजस्थान परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में पकड़ी हैं। कैग की ओर से हाल ही में राजस्थान विधानसभा में अपनी रिपोर्ट पेश की गई जिसके अनुसार राज्य के परिवहन विभाग के वाहन और सारथी एप्लिकेशन में 15,570 वाहनों का वजन शून्य से तीन किलोग्राम तक दिखाया गया है।

कैग ने पाया कि 119 मामलों में पंजीकरण की तारीखें वाहन खरीद की तारीखों से पहले दर्ज की गईं और 'वाहन एप्लिकेशन' में 14 वाहनों को वजन एक लाख किलोग्राम से अधिक दर्ज किया गया। इसमें पाया गया कि परिवहन विभाग ने 'डुप्लिकेट चेसिस' या इंजन नंबर वाले 712 वाहनों को पंजीकृत किया। 'सारथी एप्लिकेशन' में यह बात सामने आई कि नियमों का उल्लंघन करते हुए 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को 166 'लर्नर लाइसेंस' जारी किए गए।

राजस्थान विधानसभा में पेश की गई कैग रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में अप्रैल 2016 से मार्च 2021 तक 'वाहन' और 'सारथी एप्लिकेशन' के उपयोग के 10.14 लाख मामलों का अंकेक्षण (ऑडिट) किया है, जिसमें दो और तीन पहिया वाहनों को छोड़कर सभी वाहन शामिल हैं। कैग रिपोर्ट के अनुसार, वाहन एप्लिकेशन के भीतर डेटा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट में पहचाने गए मामलों को सुधारना और किसी भी अन्य समान अनियमितताओं को दूर करना महत्वपूर्ण है।

इससे डेटा की सुचिता और सटीकता बनाए रखने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार 1219 मामलों में वाहन के प्रकार के आधार पर दर्ज बैठने की क्षमता में त्रुटियां पाई गईं, जिनमें से 120 मालवाहक वाहनों में 10 से 100 यात्रियों के बैठने की क्षमता बताई गई। सात कारों में 10 से 50 यात्रियों के बैठने की क्षमता दिखाई गई। इसके अलावा, 1018 यात्री वाहनों में गलत तरीके से केवल एक से तीन यात्रियों की बैठने की क्षमता के साथ दिखाई गईं जबकि ये वाहन 10 से अधिक यात्रियों को ले जाने के लिए डिजाइन की गई बसें।

रिपोर्ट में बताया गया, सरकार ने दिसंबर 2023 में जवाब दिया कि त्रुटियों को ठीक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ऑडिट के दौरान इन मामलों की जांच में पाया कि इन अनियमितताओं को अभी भी ठीक नहीं किया गया है। कैग ने सिफारिश की कि विभाग को स्थिति को सुधारने के लिए उचित कार्रवाई करने की आवश्यकता है, जिसमें किसी भी प्रणालीगत कमजोरियों की पहचान करना और उन्हें सुधारना शामिल है।

कैग ने कहा कि 'वाहन' और 'सारथी' एप्लिकेशन को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और मोटर वाहन नियमों की आवश्यकताओं को लागू करने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि, राज्य की समीक्षा में कई ऐसे उदाहरण सामने आए जहां नियमों को सही तरीके से लागू नहीं किया गया। कैग ने कहा, इन त्रुटियां के कारण राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ।

परिवहन मिशन मोड परियोजना, अपने प्रमुख एप्लिकेशन 'वाहन' (वाहन पंजीकरण के लिए) और 'सारथी' (ड्राइविंग लाइसेंस के लिए) के माध्यम से पूरे देश में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के स्वचालन के लिए है। इसमें लगभग 18 करोड़ वाहन और आठ करोड़ लाइसेंसधारकों के रिकॉर्ड उपलब्ध हैं।

# तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

जयपुर। राजस्थान में जयपुर जिले के जमवारागढ़ थाना क्षेत्र में बासना गांव के तालाब में डूबने से भाई -बहन की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोडामीणा स्थित मानतवालों की ढाणी निवासी विशाल मीणा (10) और उसकी बहन मुस्कान (13) शनिवार को बासना गांव में बांध के पास भैंस चरा रहे थे। इस दौरान शाम को उनकी भैंस बांध में गहरे पानी में चली गई, जिसे निकालने के लिए विशाल पानी में उतर गया और डूब गया। भाई के नहीं दिखने पर बहन मुस्कान भी उसकी तलाश में बांध में उतर गई और वह भी डूब गई।

मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजन और ग्रामीण बांध में उतर दोनों बच्चों को बाहर निकाल निम्स अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि विशाल कक्षा छह एवं मुस्कान आठवीं कक्षा में अध्ययन करती थी। मृतकों के माता-पिता मजदूरी कर अपना घर खर्च चलाते हैं।

## मन की बात



जयपुर में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरक विचारों को सुनते हुए।

# पौधे पौधारोपण टारगेट पूरा करने पर टीचर को ट्रांसफर मेरिट में मिलेंगे 5 अंक : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किए गए हरियालों राजस्थान पौधारोपण अभियान के तहत सीकर के पलसाना सीएचसी परिसर में 551 पौधे लगाएं। पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हम भट्टी के मुहाने पर बैठे हैं,कभी भी भस्म हो सकते हैं। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे ज्यादा तापमान वाले 15 शहरों में राजस्थान के 7 शहर शामिल है। हम भट्टी के मुहाने पर बैठे हुए हैं, कभी भी जलकर भस्म हो सकते हैं। विदेश में जहां प्रति व्यक्ति हजारों पेड़ लगे हुए हैं, वही राजस्थान में प्रति व्यक्ति केवल 20 पेड़ है। जबकि प्रति व्यक्ति 472 पेड़ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेड़ों को बचाने के लिए जोधपुर के खेजडली में अमृता देवी के नेतृत्व में 363 लोगों ने जान दे दी थी, लेकिन पेड़ों को नहीं काटने दिया। ऐसे में हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि एक बार फिर उसी तरह राजस्थान में पौधारोपण के अभियान को बढ़ावा दिया जाए, जिससे की धरती का तापमान कम हो सके।

शिक्षाा मंत्री दिलावर ने कहा कि 7 अगस्त को हरियाली तीज पर हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने हैं ताकि दुनिया देखें कि भारत माता को प्यार करने वाले राजस्थान में कितने लोग हैं और भारत माता की कितने लोगों को चिंता है। इसे रिकॉर्ड बनाने के लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिन प्रदेश की 7 करोड़ से ज्यादा जनता पौधारोपण करें।

शिक्षा मंत्री ने कहा की जो स्कूल या फिर स्कूल का अध्यापक अपने पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करेगा, उस अध्यापक को ट्रांसफर मेरिट में पांच अंक एक्स्ट्रा मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपना पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करता है उसे पर्यावरण विषय में पांच अंक ज्यादा मिलेंगे। उन्होंने कहा की जो ग्राम पंचायत कम से कम 50 हजार पौधे लगाएगी, उसको सरकार की और से 10 लाख रुपए विकास निर्माण कार्य के लिए अतिरिक्त दिये जाएंगे।

# बीकानेर में फंदे पर लटकती मिली मॉडल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के बीकानेर में बीती देर रात एक फैशन मॉडल और सोशल मीडिया इनफ्लाएंसर इशप्रीत कौर का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। इस दौरान घर के कमरे में मॉडल का शव फंदे से लटकी अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि मॉडल तीन दिनों से घर से लापता थी। इस दौरान मॉडल का शव उसके दोस्त जयराज तंवर के कमरे में मिला, वो भी अचेत अवस्था में मिला। पुलिस को मौके से एक पिस्टल भी मिली है। संदिग्ध अवस्था में मिली लाश के चलते पुलिस भी हैरान है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन के बाद ही मामला हत्या का है या आत्महत्याा का है, ये बताया जा सकता है। पुलिस जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार यह घटना बीकानेर के मुक्ता प्रसाद इलाके की है, जहां बीकाजी सर्कल के पास जयराज तंवर के मकान में बीती देर रात फैशन मॉडल और इंस्टाग्राम अकाउंट के अनुसार 26 साल की इशप्रीत कौर का शव फंदे पर लटकी हुई अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि मॉडल तीन दिनों से घर से लापता थी। इस दौरान कमरे में इशप्रीत की डेड बॉडी के अलावा युवक जयराज तंवर भी अचेत अवस्था में मिला, जो इशप्रीत का दोस्त बताया जा रहा है। इसे बीकानेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को कमरे से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। इधर, मामले में मृतक मॉडल के पिता गुरदीप सिंह ने बेहोश मिले युवक जयराज पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

घटना को लेकर मृतक मॉडल के पिता ने अचेत अवस्था में मिले युवक जयराज पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आरोपी युवक उसकी बेटी पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था। हालांकि, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि मॉडल ने सुसाइड किया है या उसकी हत्या हुई है। घटना से बीकानेर में सनसनी फैल गई।



## लोगों को उजाड़ने के बजाय सरकार गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई पर ध्यान दे : मायावती

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यार्थियों की मौत पर रविवार को शोक जताया। राहुल गांधी ने कहा कि आम लोग असुरक्षित निर्माण, खराब नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थानों के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली की एक इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान करंट लगने से एक अभ्यर्थी की मौत हो गई थी। सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, इस तरह का असुरक्षित निर्माण तंत्र की साझा असफलता है।

असुरक्षित निर्माण, लचर नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थाओं के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवाकर चुका रहे हैं। गांधी ने कहा कि एक सुरक्षित एवं आरामदायक जीवन हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकारों का दायित्व है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके 'बेसमेंट' में शनिवार को पानी भर जाने के कारण तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है।

## घर में घुसकर बलात्कार करने के आरोप में पीएसी का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर उससे बलात्कार करने के आरोप में रविवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के एक जवान को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 'थाना भवन' क्षेत्र के एक कस्बे में पिंटू नामक पीएसी जवान ने शनिवार को एक महिला के घर में घुसकर उससे कथित रूप से बलात्कार किया। उनके मुताबिक, घटना के दौरान महिला का पति मौके पर आ गया तो आरोपी अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़कर भाग गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीएसी जवान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और महिला को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पीएसी जवान मेरठ में तैनात है और छुट्टी पर अपने घर आया था।

## सिंधू ने फातिमाथ अब्दुल रज्जाक के खिलाफ आसान जीत से अभियान शुरू किया



**पेरिस/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप एम के मैच में मालदीव की फातिमाथ अब्दुल रज्जाक के खिलाफ आसान जीत के साथ की। लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए चुनौती पेश कर रही सिंधू और फातिमाथ के बीच का अंतर साफ नजर आया। भारतीय खिलाड़ी ने अपने से कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी को सिर्फ 29 मिनट में सीधे गेम में 21-9 21-6 से शिकस्त दी। रियो ओलंपिक 2016 में रजत और टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली 10वीं वरीय सिंधू ग्रुप के अपने दूसरे मैच में बुधवार को दुनिया की 75वें नंबर की खिलाड़ी एस्टोनिया की क्रिस्टिन कूबा से भिड़ेंगी।

# प्रधानमंत्री की सराहना से 'बाघ मित्रों' में नई उर्जा का संचार होगा : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के पीलीभीत जिले में संचालित 'बाघ मित्र' कार्यक्रम की सराहना निश्चित रूप से सभी 'बाघ मित्रों' में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गयी टिप्पणी में कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में जनपद पीलीभीत में संचालित 'बाघ मित्र कार्यक्रम' का विशेष उल्लेख किया है। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 'बाघ मित्र कार्यक्रम' पहल की सराहना निश्चित रूप से सभी बाघ मित्रों में नवीन उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में संचालित 'बाघ मित्र कार्यक्रम' भी चर्चा का विषय बना हुआ है तथा इसके तहत स्थानीय लोगों को 'बाघ मित्र' के तौर पर काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ये 'बाघ मित्र' इस बात का पूरा ख्याल रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति ना बने। देश के कई हिस्सों में इस तरह के प्रयास जारी हैं। 'बाघ मित्र कार्यक्रम' पर प्रकाश डालते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष को काफी कम करना है। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अक्टूबर 2023 में पीलीभीत में 'बाघ मित्र ऐप' जारी किया था। इसमें कहा गया है कि 'बाघ मित्र' नेटवर्क में कई युवा, बुजुर्ग और चार महिलाओं सहित 120 से अधिक व्यक्ति शामिल हैं तथा वे बाघों या अन्य वन्यजीवों के देखे जाने की सूचना देने के लिए एक 'व्हाट्सऐप ग्रुप' का इस्तेमाल करते हैं, जिससे वन विभाग तुरंत प्रतिक्रिया दे सकता है और जानवरों के स्थानों को ट्रैक करके जन सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।

पीलीभीत बाघ अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) मनीष सिंह ने कहा, पीलीभीत में मानव-वन्यजीव संघर्ष की अक्सर घटनाएं होती रहती थीं। इस मुद्दे को हल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में 'बाघ मित्र' कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य इन संघर्षों को प्रभावी ढंग से कम करना था। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम काफी सफल रहा है और अक्टूबर 2023 में मुख्यमंत्री ने पीलीभीत की अपनी यात्रा के दौरान 'बाघ मित्र' ऐप जारी किया।



## अयोध्या मस्जिद के लिए आवंटित भूमि के स्वामित्व पर दावे से निर्माण में आ सकती है अड़चन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अयोध्या में आवंटित की गई जमीन पर मस्जिद और अन्य सुविधाएं विकसित करने की परियोजना के क्रियान्वयन में एक नई अड़चन पैदा होती नजर आ रही है।

दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने मस्जिद के लिए आवंटित जमीन पर अपना मालिकाना हक होने का दावा करते हुए, उच्चतम न्यायालय का रुख करने की बात कही है। हालांकि, मस्जिद के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के तहत गठित 'इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट' का कहना है कि यह कोई समस्या नहीं है और इसी साल अक्टूबर से मस्जिद समेत पूरी परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

दिल्ली की रहने वाली रानी पंजाबी नाम की महिला का दावा है कि प्रशासन ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या के धन्नीपुर गांव में जो पांच एकड़ जमीन आवंटित की है वह उसके मालिकाना हक वाले 28.35 एकड़ जमीन का ही एक हिस्सा है।

रानी ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में दावा किया कि मस्जिद के लिए आवंटित की गई जमीन उनके परिवार की है और उनके पास इसके मालिकाना हक के सभी दस्तावेज भी हैं।

## 'टीम अरुणाचल' राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही : मुख्यमंत्री पेमा खांडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि 'टीम अरुणाचल प्रदेश' विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक साकार करने के लिए हर क्षेत्र में बदलाव लाने और राज्य के सर्वांगीण विकास के वास्ते अथक प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बीती रात भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल होने के बाद यह बात कही। खांडू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन में 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए दृष्टि और इसका खाका साझा किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को अपने-अपने राज्य का तेजी से सर्वांगीण विकास करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''टीम अरुणाचल हर क्षेत्र में बदलाव लाने, राज्य के विकास की गति को बनाए रखने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दिन-रात काम कर रही है।'' प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों को पूरी तरह मिल सके।

## नेताजी के पड़पौत्र ने प्रधानमंत्री मोदी से जापान से उनके अवशेष वापस लाने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के पड़पौत्र चंद्र कुमार बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 18 अगस्त तक जापान के रेंकोजी से ''नेताजी के अवशेष'' वापस लाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले पर केंद्र सरकार की ओर से एक अंतिम बयान आना चाहिए, ताकि नेताजी के बारे में ''झूठी कहानियों'' पर विराम लग सके। बोस ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक करने की पहल की। उन्होंने कहा कि सभी ''10 जांच-राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय'' की रिपोर्ट जारी करने के बाद यह स्पष्ट है कि ''नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945'' को ताइवान में एक विमान दुर्घटना में हुई थी।

बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में कहा, ''इसलिए यह जरूरी है कि भारत सरकार की ओर से अंतिम बयान दिया जाए, ताकि भारत के मुक्तिदाता के बारे में गलत बयानबाजियों पर विराम लग सके।'' उन्होंने कहा, ''मेरी आपसे 18 अगस्त 2024 तक रेंकोजी से नेताजी के अवशेष भारत वापस लाने की अपील है।''

### कोचिंग सेंटर हादसे पर राहुल गांधी ने कहा

## असुरक्षित निर्माण की कीमत लोग जान गंवाकर चुका रहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि प्रदेश में अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़ने के बजाय सरकार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व बिगड़ी कानून-व्यवस्था से त्रस्त लोगों के जीवन के सुधार पर ध्यान दे।

उत्तर प्रदेश में सोमवार 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र से पहले बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि प्रदेश में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल आवश्यकता है और इसके प्रति सरकार का उदासीन रवैया ठीक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''उप्र में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल आवश्यकता है, जिनके प्रति सरकार का उदासीन रवैया चिन्तनीय है।'' बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''उप्र विधानसभा का मानसून सत्र कल सोमवार से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें सरकार अनुपूरक बजट भी पेश करेगी।''

मायावती ने इसी पोस्ट में कहा, ''हालांकि यह सत्र भी संक्षिप्त ही होगा। लेकिन, भाजपा में जारी घमासान तथा इनकी अंदरूनी लड़ाई अगर सदन में हावी न हो और (सत्तारूढ़ दल) लोगों तथा प्रदेश के हित में कार्यों का निर्वहन करे तो बेहतर होगा।''




## वैश्विक स्तर पर कंप्यूटर उपयोगकर्ताओं को 'फिशिंग' हमले में लक्षित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने कहा है कि हाल में एक 'फिशिंग' हमले में, वैश्विक स्तर पर कंप्यूटर प्रणाली के ठप होने से प्रभावित उपयोगकर्ताओं को लक्षित किया गया। एजेंसी के अनुसार, हमलावरों ने लोगों को चकमा देने के लिए खुद को 'क्राउडस्ट्राइक सपोर्ट स्टाफ' के रूप में पेश किया।

भारतीय कंप्यूटर अपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी इन) द्वारा शनिवार को जारी किए गए एक परामर्श में कहा गया, ''ये हमले अज्ञात उपयोगकर्ता को कंप्यूटर में अज्ञात मैलवेयर इंस्टॉल करने के लिए लुभा सकते हैं, जिससे संवेदनशील डेटा लीक होने, कंप्यूटर प्रणाली के ठप पड़ने और डेटा लीक होने जैसी घटनाएं हो सकती हैं।'' 'क्राउडस्ट्राइक फाल्कन सेंसर सॉफ्टवेयर' के त्रुटिपूर्ण अद्यतन के कारण 19 जुलाई को दुनिया भर में कंप्यूटर प्रणाली ठप हो गई जिसके कारण माइक्रोसॉफ्ट विंडोज संचालन प्रणाली ध्वस्त हो गई थी। इस घटना के कारण भारत सहित दुनिया भर में उड़ानों का परिचालन प्रभावित हुआ, व्यापार, बैंकिंग और अस्पताल प्रणालियाँ प्रभावित हुईं। प्रणालियां अब ठीक हो गई हैं क्योंकि क्राउडस्ट्राइक और माइक्रोसॉफ्ट, दोनों ने आधिकारिक सुधार जारी किए हैं, जबकि कुछ संगठन एक बड़ी प्रौद्योगिकी के ठप पड़ने से पड़े असर से अभी भी उबर रहे हैं। परामर्श में कहा गया कि ऐसी खबरें हैं कि ''दुर्भावनापूर्ण'' गतिविधियों को संचालित करने के लिए इस (वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी के प्रभावित होने) मुद्दे का लाभ उठाते हुए क्राउडस्ट्राइक उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए ''फिशिंग अभियान'' चलाया जा रहा है। सीईआरटी-इन ने आगाह किया है कि फिशिंग हमलावर 'रिकवरी टूल' बताकर 'ट्रोजन' मैलवेयर भी वितरित कर रहे हैं और ये हमले किसी अज्ञात उपयोगकर्ता को अज्ञात मैलवेयर इंस्टॉल करने के लिए लुभा सकते हैं, जिससे संवेदनशील डेटा लीक हो सकता है, प्रणाली चरमरा सकती है और डेटा संबंधी हानि हो सकती है।

## ओडिशा: वन विभाग ने 17 मवेशियों को मारने वाले बाघ की तलाश के लिए अभियान शुरू किया

**बरहामपुर (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के वन विभाग ने उस बाघ की तलाश के लिए एक अभियान शुरू किया है जिस पर गंजाम जिले में पिछले चार महीनों में हमला करके कम से कम 17 मवेशियों को मारने का संदेह है।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को घुमुसर उत्तर प्रभाग के जगन्नाथ प्रसाद वन रेंज के अंतर्गत डिमिरीपल्ली से एक गोवंश का शव बरामद किया गया। क्षेत्र में मवेशी के मारे जाने की यह ताजी घटना थी।

घुमुसर उत्तर प्रभागीय वन अधिकारी हिमांशु शेखर मोहंती ने कहा कि संदेह है कि बाघ ने मवेशी को मारा है, जिसके बाद गांव के लोगों में दहशत फैल गई। उन्होंने बताया, हमारे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में ले लिया।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बाघ पर पिछले चार महीनों में बछड़ों सहित कम से कम 17 मवेशियों को मारने का संदेह है।

डीएफओ ने बताया, वनकर्मियों ने आस-पास के इलाकों में गश्त शुरू कर दी है और हमारी प्राथमिकता जानवर की पहचान करना और उसके व्यवहार का निरीक्षण करना है।

## इस दिन को याद रखेंगे और कड़ी मेहनत करेंगे : हरमनप्रीत कौर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दाम्बुला/भाषा।** श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में मिली हार से निराश भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम इस दिन को आसानी से नहीं भूलेगी और टी20 विश्व कप से पहले अपने प्रदर्शन में सुधार करेगी। भारत ने छह विकेट पर 165 रन बनाये लेकिन श्रीलंका ने सिर्फ दो विकेट खोकर आठ गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया । महिला टी20 विश्व कप अक्टूबर में बांग्लादेश में खेला जायेगा ।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा ,'' हमें कुछ पहलुओं पर काम करना होगा । हम कड़ी मेहनत करेंगे और इस दिन को याद रखेंगे । उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया । हमने भी अब तक अच्छा खेला लेकिन आज काफी गलतियां की जिसका खामियाजा भुगता ।''

श्रीलंका की कप्तान चामारी अटापट्टू ने कहा ,'' मुझे खुशी है कि हम पिछले 12 महीने से इतना अच्छा खेल रहे हैं और यहां खिताब जीता । श्रीलंका के लोगों को धन्यवाद जो इतनी बड़ी तादाद में मैच देखने आये ।''

## टोक्यो की निराशा से उबरने में लंबा समय लगा : मनु भाकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**शेटराउ (फ्रांस)/भाषा।** भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर को दूसरे स्थान पर रहना पसंद ही नहीं है, तीसरे स्थान की तो बात ही छोड़ दीजिये। लेकिन उन्होंने यहां कहा कि रविवार का दिन अपवाद था क्योंकि पेरिस में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर वह टोक्यो ओलंपिक में अपनी निराशा को पीछे छोड़कर राहत महसूस कर रही हैं।

भाकर (22 वर्ष) यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गईं। आत्मविश्वास से भरी भाकर ने कांस्य पदक जीतने के बाद 'जियो सिनेमा' से कहा, ''टोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी। मुझे इससे उबरने में बहुत समय लगा। '' उन्होंने कहा, ''बहुत खुश हूं कि मैं कांस्य पदक जीत सकी और हो सकता है कि अगली बार इसका रंग बेहतर हो।'' भाकर ने कहा, ''मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। भारत को इस पदक का लंबे समय से इंतजार था। मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा। '' इस पदक से पेरिस ओलंपिक में भारत का खाता खुल गया और साथ ही निशानेबाजी में 12 साल का इंतजार खत्म हुआ। पर हरियाणा के झज्जर की इस निशानेबाज के लिए यह सफर इतना आसान नहीं रहा। टोक्यो ओलंपिक 2021 के क्वालीफिकेशन में पिस्टल की खराबी से भाकर निराश हो गई थीं । लेकिन पिछले दो दिनों में उनका प्रयास इतना शानदार रहा जिसकी एक एथलीट से उम्मीद की जाती है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर कई पदक जीतने वाली भाकर ने कहा, ''भारत कई और पदकों का हकदार है, जितने संभव हो सके। यह अहसास बहुत शानदार है। इसके लिए बहुत प्रयास करना पड़ता है।'' भाकर का फाइनल करीबी रहा क्योंकि एक समय वह रजत पदक जीतने के करीब लग रही थीं। उन्होंने कहा, ''आखिरी शॉट में मैं अपनी पूरी ऊर्जा के साथ निशाना लगा रही थी। शायद मैं अगली स्पर्धाओं में बेहतर कर सकूं।'' भाकर ने पिछले कुछ वर्षों में मानसिक दृढ़ता पर काफी काम किया है जिसमें उनके कोच जसपाल राणा से भी काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा, ''मैंने भगवत गीता काफी पढ़ी है और वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए था। बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया था। हम भाग्य से नहीं लड़ सकते। आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। '' जब उनसे पूछा गया कि टोक्यो की निराशा से निपटने के लिये उन्होंने क्या किया तो भाकर ने कहा, ''आप सिर्फ कोशिश करकेअपना सर्वश्रेष्ठ देते रह सकते हैं। '' नौ बार की विश्व कप पदक विजेता ने कहा, ''मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं, आपको नहीं बता सकती।''

## पेरिस ओलंपिक में विवादास्पद प्रस्तुति पर मेघालय के मुख्यमंत्री ने निराशा जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिलांग/भाषा।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने रविवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में लियोनार्डो दा विंची के 'द लास्ट सपर' पेंटिंग को दर्शाने वाली एक प्रस्तुति को लेकर बहुत निराश हैं। इस प्रस्तुति ने काफी ध्यान आकर्षित किया है तथा कुछ लोगों ने इसकी आलोचना भी की है।

कोनराड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पेरिस ओलंपिक में 'लास्ट सपर' को दर्शाने वाले 'ड्रैग' प्रस्तुति से बहुत निराश हूं। धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इस तरह के कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। आयोजकों को 'ड्रैग' प्रस्तुति को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। इसमें शामिल कलाकारों ने सीन नदी और एफिल टॉवर की पृष्ठभूमि में एक लंबी मेज के पीछे प्रस्तुति दी। इसमें लियोनार्डो दा विंची के 'द लास्ट सपर' पेंटिंग की कथित तौर पर एक झलक थी। लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध पेंटिंग द लास्ट सपर में यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने से पहले प्रचारकों के साथ अंतिम भोजन करते हुए दर्शाया गया है।

## सुविचार

**इंसान को अपनी औकात भूलने की बीमारी है, और कुदरत के पास उसे याद दिलाने की अचूक दवा।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जवाबदेह कौन?

दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा के तीन अभ्यर्थियों की मौत होना अत्यंत दुःखद है। जिन प्रतिभाओं को आगे चलकर देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देना था, उनका यूं दुनिया से चले जाना उनके परिवारों के साथ ही पूरे समाज के लिए बड़ा नुकसान है। हादसे के बाद वहां मौजूद युवाओं ने हंगामा किया और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुए तो प्रशासन की नींद टूटी। उसने फौरन पता लगा लिया कि वहां नियमों का उल्लंघन हुआ था। कोचिंग सेंटर को 'बेसमेंट' का उपयोग 'स्टोर रूम' के रूप में करने की अनुमति थी, लेकिन वहां पुस्तकालय चल रहा था! बड़ा सवाल है– प्रशासन ने इतनी फुर्ती पहले क्यों नहीं दिखाई? क्या तब प्रशासन को यह मालूम करने से कोई रोक रहा था? अगर इतनी चौकसी पहले दिखा देते तो तीन घरों के ये बच्चे आज ज़िंदा होते। आखिर अधिकारियों–कर्मचारियों को हादसे के बाद ही यह क्यों सूझता है कि वहां नियमों का उल्लंघन हो रहा था? अब कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक पर गाज गिरी है। दिखावे के नाम पर कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। सरकार मुआवजा बांटेगी। पक्ष–विपक्ष के नेता एक–दूसरे पर आरोपों के तीर छोड़ेंगे। हफ्ताभर चर्चा होगी। उसके बाद फिर सबकुछ पुराने ढर्रे पर चल पड़ेगा ... एक और हादसा होने तक! हर साल मानसून में ऐसे–ऐसे हादसे होते हैं, जिनके वीडियो देखकर इन्सान घर से निकलने से पहले 10 बार सोचता है। कई जगह बिजली के तार हादसे को दावत देते दिखते हैं। क्या जिम्मेदारों को यह नज़र नहीं आता? आता है, लेकिन सुध तभी लेते हैं, जब कोई इसका शिकार हो जाए। अन्यथा कितनी ही शिकायत कर दें, सिस्टम चिकना घड़ा बन चुका है। नेताओं का जोर आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति पर और सरकारों का जोर मुआवजा बांटने पर है। आम आदमी की जान जाती है तो जाए। जवाबदेह कौन है?

पिछले दो दशकों में देश के अलग–अलग शहरों में निजी कोचिंग सेंटर बहुत तेजी से पनपे हैं। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इन सेंटरों ने कई विद्वान शिक्षकों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर मंच दिया है। विभिन्न परीक्षाओं की मेरिट सूची में आने वाले कई विद्यार्थी अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग सेंटरों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को देते हैं। यहां कोचिंग सेंटरों का होना या न होना मुद्दा नहीं है। मुद्दा यह है कि जिस जगह अपने बच्चे को पढ़ने भेज रहे हैं, वहां मूलभूत सुविधाएं हैं या नहीं हैं? सुरक्षा के इंतजाम हैं या नहीं हैं? शिक्षक और विद्यार्थियों का उचित अनुपात है या नहीं है? कोचिंग संस्थान द्वारा किए गए सफलता के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन वहां बैठने के लिए मेज–कुर्सी की गुणवत्ता अच्छी है या नहीं है? कक्ष में एसी, पंखे, ट्यूबलाइट आदि तो लगे हैं, अग्निशमन यंत्र है या नहीं है? अगर है तो किस हालत में है? आपात स्थिति में कोचिंग सेंटर से बाहर निकलने के लिए कोई खिड़की या द्वार है या नहीं है? अगर है तो उससे निकलना कितना सुरक्षित है? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाबों को लेकर प्रायः प्रशासन तो उदासीन बना रहता है, अभिभावक भी खास ध्यान नहीं देते। हर किसी की यह जानने में दिलचस्पी होती है कि कोचिंग में कितनी भीड़ उमड़ती है और पिछला परिणाम कैसा रहा ... बच्चे के जीवन की सुरक्षा से जुड़े पहलू पर बात नहीं होती। बात तब होती है, जब किसी कोचिंग सेंटर में हादसा हो जाए! उसके बाद प्रशासन सख्ती दिखाता है, जुर्माना लगाता है। ठीक है, सख्ती दिखानी चाहिए और नियमानुसार जुर्माना भी लगाना चाहिए, लेकिन समय रहते उन खामियों का पता लगाने के लिए जांच क्यों नहीं होती? प्रशासन यह तो कर ही सकता है कि एक सादे कागज पर आसान शब्दों में लिख दे कि कोचिंग सेंटर में ये सुविधाएं होनी चाहिएं और इन नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इसके बाद कोचिंग सेंटर के बाहर, उसके हर कक्ष और पुस्तकालय आदि में वह लगा दिया जाए। जो बच्चा वहां दाखिला ले, उसे और उसके अभिभावकों को वह जरूर दिया जाए। इससे सुविधाओं की गुणवत्ता और बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस नियमावली का सोशल मीडिया पर प्रचार–प्रसार होना चाहिए। बेशक पढ़ाई और करियर में सफलता जरूरी है, लेकिन इसके साथ जीवन की सुरक्षा भी जरूरी है। विद्यार्थी हो या कोचिंग का कर्मचारी, सबका जीवन सुरक्षित होना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



माँ भारती के परम उपासक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान के प्रति देशवासियों के उत्साह की प्रशंसा की है।

**–भजनलाल शर्मा**



पेरिस ओलंपिक्स–2024 में एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की बेटी मनु भाकर जी को कांस्य पदक जीतकर भारत को पहला मेडल दिलाने हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं। आप इसी तरह देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करती रहे, यही कामना करती हूँ।

**–दीया कुमारी**



आज केंद्रीय रेल, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आदरणीय श्री अश्विनी वैष्णव जी से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका सानिध्य प्राप्त किया। उन्होंने मुझे भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पद का नवीन दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

**–मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# ईमानदारी का धर्म

प्राचीन बड़ोदा राज्य में मेहसाना के जिला जज ए.आर. शिंदे ईमानदार और स्पष्टवादी थे। बड़ौदा के महाराज सयाजीराव के हृदय में शिंदे के प्रति गहरी श्रद्धा थी। महाराज जब भी विदेश जाते, अपने निजी सहायक के रूप में शिंदे को साथ ले जाते थे। एक बार फ्रांस यात्रा के दौरान महाराज ने शिंदे की सलाह पर पेरिस के एक बड़े जौहरी की दुकान से अत्यंत कीमती रत्न खरीदे। अगले दिन दुकानदार का एक प्रतिनिधि शिंदे के पास आया और उसने पूछा, 'सर, आपका कमीशन चेक से दिया जाए या नकद भुगतान से।' शिंदे हैरानी से बोले, 'किस बात का कमीशन?' प्रतिनिधि बोला, 'सर्राफा की दुकानों में यह चलन है कि अच्छे ग्राहक लाने वाले व्यक्ति को कमीशन दिया जाता है।' शिंदे बोले, 'मैं सरकारी कर्मचारी हूं और यह नहीं ले सकता।' प्रतिनिधि बोला, 'यह तो हमारी दुकान की परिपाटी है।' शिंदे बोले, 'आप कमीशन काट करके अपना बिल बना दीजिए। इस कमीशन पर ग्राहक का हक होना चाहिए न कि उस व्यक्ति का, जो दुकान में ग्राहक लेकर आए।' प्रतिनिधि ने कमीशन काट कर बिल बना दिया और बोला, 'सर, आपकी ईमानदारी की सूचना महाराज तक अवश्य जानी चाहिए।' शिंदे बोले, 'ईमानदारी मनुष्य का धर्म है।

## सामयिक

# हिन्दुत्व का चेहरा और भारत का भविष्य हैं योगी आदित्यनाथ

**प्रो. डॉ. विवेक सिंह**

हिंदुत्व समावेशी है जो वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है। भारतीय संस्कृति में सभी के लिए स्थान है, अपनत्व का भाव है। अनेकों धर्मों, संप्रदायों, संस्कृतियों और विचारधाराओं को हिंदुत्व ने आत्मसात किया है। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के सबसे बड़े ब्रांड है। योगी आदित्यनाथ कुशल प्रशासक, दूरदर्शी और बेहद अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। 25 करोड़ जनसंख्या वाले देश के सबसे पड़े प्रदेश, उत्तर प्रदेश का राजनीतिक महत्व देश में सर्वाधिक है। यहां पर लोकसभा की 80 और विधानसभा की 403 सीटें है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई। 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश से भाजपा को कम सीटें मिली परंतु जो मिली उसमें योगी आदित्यनाथ का अहम योगदान था। योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की जीडीपी का 9.2 प्रतिशत योगदान देने वाला राज्य है। पिछले 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। महिला संबंधी अपराधों में सर्वाधिक सजा दिलाने के रूप में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश बेहद महत्वपूर्ण है। केंद्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। बिना उत्तर प्रदेश को साधे केंद्र में बने रहना असंभव है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना चुनावी क्षेत्र बनारस को चुना। उत्तर प्रदेश की राजनीति और उसका परिणाम का असर मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार जैसे अनेकों प्रदेशों पर पड़ता है। भारतीय जनता पार्टी के लिए 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीतना कई मायनों में अत्यंत महत्वपूर्ण है।



योगी आदित्यनाथ भाजपा की मजबूती भी हैं और मजबूरी भी हैं। उत्तर प्रदेश में आज भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ को टक्कर देने वाला कोई नेता नहीं है। इस यथार्थ को भाजपा को समझना पड़ेगा। मोदी के बाद योगी का नारा यूं ही नहीं लगाया जा रहा है, इसके पीछे वास्तविकता है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ भाजपा के लिए ब्रह्मास्त्र हैं। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में योगी आदित्यनाथ की अपनी एक की धमक है जिससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हो या 2029 में होने वाले लोकसभा के चुनाव, योगी आदित्यनाथ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगी। इस बात को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी अच्छे से समझते हैं। योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। नाथ संप्रदाय से जुड़े लोग पूरे देश में फैले हैं। योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के सबसे बड़े चेहरे हैं।

योगी आदित्यनाथ का कौशल जिस तरह देश और विश्व पटल पर चमका है इससे कई बीजेपी नेताओं का दुखित होना स्वाभाविक है। कल्याण सिंह दशकों से उत्तर प्रदेश में भाजपा का चेहरा थे। सफल मुख्यमंत्री थे लेकिन एक झटके में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें हटा दिया गया। आज उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति अलग है। योगी आदित्यनाथ की तुलना कल्याण सिंह से नहीं की जा सकती। कल्याण सिंह दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए नहीं जाते जाते थे। कल्याण सिंह कट्टर हिंदुत्ववादी नेता नहीं थे।।कल्याण सिंह में भारत के भविष्य नहीं देखा जा रहा था। कल्याण सिंह को योगी आदित्यनाथ के जैसा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से समर्थन भी प्राप्त नहीं था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टार प्रचारक के रूप में देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं।

योगी आदित्यनाथ की काम के चर्चा दुनिया के प्रतिष्ठित अखबारों और मैगज़ीनों में की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार हैं हालांकि अनेकों बार योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल उनका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की राजनीति तक ही हैं, केंद्र की राजनीति की तरफ उनका कोई रुझान नहीं है। महज 7 वर्ष के छोटे से कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' की नीति को अपनाकर उत्तर प्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई बुलंदी पर पहुंचाकर इतिहास रच दिया। जो काम 70 साल में नहीं हो पाया था वह 7 साल में बड़ी आसानी से कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम को छू रहा है। विगत 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकास के अनगिनत कार्य किए गए हैं। उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने की राह पर अग्रसर है। एसजीडीपी, इज ऑफ डूइंग बिजनेस, प्रति व्यक्ति आय, औद्योगिक उत्पादन, पीएम गति शक्ति, सुशासन, निवेश के अनुकूल नीतियां, अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस और बुनियादी ढांचे में सुधार पर अत्यधिक ध्यान दिया गया है। समाज के सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में विकास के नए इतिहास रच रही है।


योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर मार्च 2017 में संभाली। 7 साल में उत्तर प्रदेश में निवेश बहुत तेजी से बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश की इमेज पूर्ण रूप से बदल गई है। अब निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने में कोई हिचक नहीं रही। इसका मुख्य कारण है कानून व्यवस्था की स्थिति में अभूतपूर्व सुधार और इज ऑफ डूइंग बिजनेस। सात वर्षों में यूपी में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है।

उत्तर प्रदेश आज ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित होने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। सात वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य माना जाता था और देश के विकास के लिए उत्तर प्रदेश को बैरियर ले रूप में देखा जाता था। आज वही उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल (असीमित संभावनाओं) वाले राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। निसंदेश योगी आदित्यनाथ आज देश में हिंदुत्व के सबसे बड़े चेहरे के साथ ही साथ भारत के भविष्य भी हैं।

## विशेष


# अगस्त में लगेगी त्योहारों की झड़ी

**बाल मुकुन्द ओझा**









जुलाई का महीना खत्म होने जा रहा है और अगस्त आने वाला है। अगस्त से देश में त्योहारी मौसम की भी शुरुआत होती है। अगस्त का महीना इस बार कई महत्वपूर्ण त्योहारों की सौगात लेकर आ रहा है। यह महीना एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण त्योहार हरियाली तीज, रक्षाबंधन, नाग पंचमी, श्री गोगा नवमी और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। इनमें 3 अगस्त को केर पूजा, 7 अगस्त को हरियाली तीज, 9 अगस्त नाग पंचमी, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षा बंधन, 26 अगस्त को जन्माष्टमी और 27 अगस्त को श्री गोगा नवमी है। हरियाली तीज 7 अगस्त, बुधवार को है। यह पर्व सावन मास में आता है, जो भगवान शिव व माता पार्वती की अराधना व उन्हें समर्पित उपवास करने के लिए बेहद पवित्र महीना माना जाता है।

विनायक चतुर्थी 8 अगस्त को है। इस दिन भगवान गणेश की आराधना के लिए समर्पित होता है। इस दिन श्री गणेश का विधिपूर्वक पूजन करने और व्रत रखने का विधान है।

इस साल 9 अगस्त को है नाग पंचमी। ये नाग देव की पूजा का पर्व है। इस दिन शिव जी के साथ ही नाग देव की विशेष पूजा का विधान है. इस दिन नाग यानि सर्प को दूध पिलाया जाता है। स्वतन्त्रता दिवस को भी त्योहार की तरह ही भारत में मनाया जाता है। 15 अगस्त 1947 में इसी दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी।

इस साल रक्षा बन्धन 19 अगस्त को है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है। जिसे राखी कहते हैं।

इस साल 22 अगस्त को पड़ रहा है कजरी तीज का पर्व। कजरी तीज के दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयू के लिए व्रत रखती है और अविवाहित लड़कियां इस पर्व पर अच्छा वर पाने के लिए व्रत रखती हैं। कजरी तीज पर माता पार्वती की पूजा की जाती है और तरह–तरह के मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं।

कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त, सोमवार को मनाई जाएगी। इस दिन विष्णु के आठवें अवतार, भगवान कृष्ण पैदा हुए थे। इस दिन भगवान कृष्ण को पंजीरी और पंचामृत का भोग लगाया जाता है। भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। इस अवधि में लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक नए कपड़े, जमीन जायदाद सोने चांदी के सामान सहित घरेलू जरुरत के सामान खरीदते है। गरीब से अमीर तक त्योहारों की खुशियों में खो जाते है। तन–मन को प्रफुल्लित करने वाला ये पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियाँ प्रदान करते है। त्योहार जीवन को प्रेम, बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है। मन और चित को शांति प्रदान करता है और हमारे अन्दर की बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है। बहरहाल यहाँ हम त्योहारी सीज़न की चर्चा कर रहे है। लगभग एक महीने के इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते है जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते है। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते है।

## नजरिया

# विनम्रता, सहजता और संकल्प दीर्घ लक्ष्य प्राप्ति के सन्मार्ग

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य सदैव प्रयास करता है कि उसे लक्ष्य और सफलता जल्द से जल्द प्राप्त हो पर वस्तुतः ऐसा होता नहीं है, स्थाई सफलता के लिए कठोर श्रम, संकल्प, सहजता और विनम्रता सच्चे सन्मार्ग हैं जल्दी का काम शैतान का होता है ऐसा कहावतें कहती है, लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में निरंतर श्रम सहजता सरलता और संघर्ष के साथ संयम का बड़ा योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे–धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी, साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी–छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठु बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है।

विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई–नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं। जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है।

विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है। क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को आमजन पर अधिरोपित नहीं करता बल्कि उनके विचारों को उनके सुझाओं को प्राप्त कर नए–नए समाधान भी निकलता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता के लिए इसे अपना अस्त्र तथा शस्त्र बनाया था।

सत्य और अहिंसा विनम्र व्यक्ति के दो अमोघ अस्त्र की तरह थे जो विनम्रता को और प्रभावशाली बनाते हैं। विनम्र व्यक्ति सदा संतोषी एवं परम सुखी होता है क्योंकि उसकी अपनी कोई महत्वाकांक्षा इच्छा, लोभ, जलन अथवा प्रतिस्पर्धा नहीं रहती है, वह अवगुणों से दूर रहकर अपने को परिमार्जित कर लेता है और समाज के विकास के लिए समर्पित भी रहता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में कहा जाता है कि जब वे ज्ञान की खोज में देशाटन कर रहे थे तब लोगों ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी पर महात्मा बुध ने बिना विचलित हुए अपनी खोज में लगे रहे और उनके अथक प्रयास, विनम्रता और ज्ञान के दम पर महापरिनिर्वाण की स्थिति को प्राप्त किया। जिस तरह शक्ति को दबाया जा सकता है किंतु समाप्त नहीं किया जा सकता उसी प्रकार विनम्रता कुछ समय के लिए कमजोर प्रतीत हो सकती है अंततः उसकी अपनी क्षमता व्यापकता और पर्वत के समान कठोर तत्वों के कारण वह हर बाधा को पार कर मनुष्य को सफलता दिलाने में सक्षम होती है इसी विनम्रता और कठोर श्रम के चलते महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार की बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया और भारतवासियों को अपनी विनम्रता से स्वाधीनता का स्वाद चखाया। यही बात हमारी भारतीय सनातन तथा वैदिक संस्कृति पर भी लागू होती है वह हजारों वर्ष से अब तक सुरक्षित बनी हुई है। विनम्रता व्यक्ति हो या संस्कृति उसे विनम्रता स्थायित्व प्रदान करती है एवं आने वाले मार्ग की बाधाओं को समाप्त कर देती है जैसा कि अहंकार का अस्थाई तथा क्षणभंगुर होता है, किसी भी राष्ट्र संस्कृति समाज के स्थायित्व के लिए उसका विनम्र तथा सहिष्णु होना आवश्यक है। इसीलिए यह माना जाता है कि मनुष्य, समाज, देश के लिए विनम्रता सर्वश्रेष्ठ अवदान है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बातचीत



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की।

# पटना के पुराने रोडरोलर के संरक्षण के बाद दरभंगा में विंटेज स्टीम रोलर को बचाने की मांग

पटना/दरभंगा/भाषा। ब्रिटेन में निर्मित लगभग सौ साल पुराने 'रोडरोलर' को पटना में संरक्षित किए जाने के बाद विरासत प्रेमियों ने अब बिहार के दरभंगा में जर्जर हालत में पड़े एक विंटेज स्टीम रोलर को सुरक्षित किए जाने की मांग की है।

सांस्कृतिक रूप से समृद्ध मिथिला क्षेत्र के केंद्र दरभंगा के स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उपेक्षित रोडरोलर पिछले कई वर्षों से शहर के गंगासागर तालाब के पास जर्जर हालत में पड़ा हुआ है।

इस मशीन की डिजाइन और बनावट पटना संग्रहालय से संरक्षित किए गए जॉन फाउलर रोलर से बहुत मिलती-जुलती है तथा विरासत परिवहन विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि इसे भी उसी कंपनी के द्वारा बनाया होगा और इसकी विशिष्टता भी पटना के रोडरोलर जैसी ही है। दरभंगा राज्य की राजधानी पटना से लगभग 140 किलोमीटर दूर है। इंग्लैंड के लीड्स में 'जॉन फाउलर एंड कंपनी' द्वारा निर्मित लगभग एक सदी पुराना भाप चालित रोडरोलर लगभग दो साल पहले तक पटना जिला बोर्ड के कब्जे में था और अब ध्वस्त हो चुके पटना समाहरणालय के परिसर के एक कोने में पड़ा था। इसे 24-25 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि पटना संग्रहालय में लाया गया था।

लगभग 18 महीने तक संग्रहालय के परिसर में बुरी हालत में पड़े रहने के बाद कुछ महीने पहले इस ब्रिटिशकालीन भाप चालित रोडरोलर को पटना में सड़क निर्माण अधिकारियों ने संरक्षित कर लिया था। बुनियादी रखरखाव के बाद, रोलर को फिलहाल पटना में राज्य के सड़क निर्माण विभाग की एक यांत्रिक कार्यशाला में एक शेड के नीचे रखा गया है। दरभंगा के मूल निवासी नारायण चौधरी का कहना है कि उन्होंने स्थानीय संग्रहालय अधिकारियों से दरभंगा के रोडरोलर को तुरंत संरक्षित करने की मांग की थी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''पिछले साल नवंबर में भी मैंने दरभंगा में संग्रहालय अधिकारियों से संपर्क कर इस विरासत को बचाने का आग्रह किया था, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया।'' गंगासागर तालाब के पास दो संग्रहालय महाराजा लक्ष्मीश्वर सिंह संग्रहालय और चंद्रधारी संग्रहालय हैं तथा दोनों ही बिहार सरकार के अधीन हैं। चौधरी ने कहा, ''हमने पटना में एक ऐसे ही रोडरोलर के बारे में पढ़ा था जिसे संरक्षित किया गया और उसका जीर्णोद्धार किया गया। हमारे दरभंगा के रोडरोलर को भी भविष्य की पीढ़ियों के लिए क्यों नहीं संरक्षित किया जा सकता?''

इस रोडरोलर का डिजाइन और निर्माण भी पटना रोलर के जैसा ही लगता है तथा इससे पता चलता है कि इसे भी अब बंद हो चुकी जॉन फाउलर कंपनी ने बनाया था और लगभग 100 साल पहले स्थानीय उपयोग के लिए भारत भेजा गया था।

दरभंगा में जन्मे 33 वर्षीय अभिनव सिन्हा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने स्थानीय सरकारी अधिकारियों और शहर के निवासियों तथा अन्य लोगों की इस ''अनमोल विरासत'' के प्रति उदासीनता पर अफसोस जताया।

सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''लेकिन, पटना के रोडरोलर के पुनरुद्धार के बाद एक सकारात्मक बात यह हुई है कि हमारी जागरूकता बढ़ी है।

# अति उदारवादी कमला हैरिस अमेरिका में अपराध, अव्यवस्था व अशांति का कारण बनेंगी : ट्रंप

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिद्वंदी कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा उपराष्ट्रपति अमेरिका में अपराध, अव्यवस्था, अशांति और कत्लेआम का कारण बनेंगी। इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अब महज 100 दिन शेष बचे हैं।

मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन (81) के नाम वापस लेने के बाद उपराष्ट्रपति हैरिस (59) राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की नई उम्मीदवार हैं। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने एक रैली के दौरान अपनी नई प्रतिद्वंद्वी हैरिस को शनिवार को मिनीसोटा में मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन से भी खराब बताया।

ट्रंप के साथ इस दौरान सीनेटर जे डी वैंस भी मौजूद थे। ट्रंप (78) ने कहा, अति उदारवादी कमला हैरिस हमारे देश में अपराध, अव्यवस्था, अशांति और कत्लेआम का कारण बनेंगी। मैं अमेरिका में कानून-व्यवस्था और न्याय लेकर आऊंगा।

ट्रंप ने कहा कि दोबारा सत्ता में आने के बाद वह बाइडन-हैरिस प्रशासन की सीमाओं को खोलने की हर नीति को रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा, हम सीमाएं पूरी तरह से बंद कर देंगे और हमारे देश में हो रही घुसपैठ पर लगाम लगाएंगे। अमेरिका की राजनीति में कोई भी व्यक्ति खुली सीमाओं के समर्थन में नहीं है। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति के राजीनितक रिकॉर्ड पर निशाना साधते हुए कहा कि हैरिस ने सैन फ्रांसिस्को की जिला अटॉर्नी रहते हुए पूरी काउंटी को तबाह कर दिया।

पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया, कमला हैरिस असल में मार्क्सवादी जिला अटॉर्नी थी। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को को तबाह किया और अब हमारे देश को तबाह करेंगी।

# चीन ने छह देशों के नेताओं पर ताइवान में सम्मेलन में हिस्सा न लेने का दबाव बनाया

बीजिंग।चीन के राजनयिक कम से कम छह देशों के नेताओं पर ताइवान में प्रस्तावित चीन केंद्रित सम्मेलन में हिस्सा न लेने का दबाव बना रहे हैं। बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे नेताओं ने यह जानकारी दी।

बोलिविया, कोलंबिया, स्लोवाकिया, उत्तर मैसेडोनिया, बोस्निया एवं हर्जेगोविना और एक अन्य एशियाई देश (जिसने नाम उजागर करने से इनकार कर दिया) के नेताओं ने कहा कि उनके पास (ताइवान में होने वाली) बैठकों के संबंध में संदेश और फोन कॉल आ रहे हैं, जिसमें उनसे पूछा जा रहा है कि क्या वे ताइवान की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। इन नेताओं ने चीन की इस हरकत को स्वशासित द्वीप को अलग-थलग करने का प्रयास बताया।

ताइवान में चीन केंद्रित सम्मेलन सोमवार से शुरू होगा। इस सम्मेलन का आयोजन चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन कर रहा है, जो 35 देशों के सैकड़ों सांसदों का एक समूह है। यह समूह इस बात को लेकर चिंतित है कि लोकतांत्रिक देश बीजिंग के प्रति कैसा रुख रखते हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' ने सम्मेलन के आयोजकों और तीन नेताओं से बात की तथा चीनी राजनयिकों द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश व ईमेल की समीक्षा की, जिसमें यह पूछा गया है कि क्या वे सम्मेलन में भाग लेने की योजना बना रहे हैं।

चीन अक्सर उन नेताओं और देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी देता है, जो ताइवान के प्रति समर्थन दिखाते हैं। वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन और ताइवान के विदेश मंत्रालयों ने अभी इस पर टिप्पणी नहीं की है। चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन को लंबे समय से चीन सरकार के दबाव का सामना करना पड़ा है। उसका उद्देश्य बीजिंग के संभावित खतरों के जवाब में कूटनीति को समन्वित करना है। बीजिंग ने इसके कुछ सदस्यों पर प्रतिबंध लगाया है।

# ठिठुरती ठंड में तमन्ना भाटिया ने शूट किया था 'स्त्री 2' का गाना 'आज की रात'

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने ठिठुरती ठंड में फिल्म 'स्त्री 2' का गाना 'आज की रात' शूट किया था और इस दौरान वह अपना जन्मदिन भूल गयी थी। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का गाना 'आज की रात' हाल ही रिलीज हुआ है, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। यह गाना तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है।तमन्ना भाटिया ने 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो में तमन्ना कहती नजर आ रही है कि 'इस स्त्री को आईस्क्रीम खाना पसंद है, आईस्क्रीम बनना नहीं।जिस समय 'आज की रात' की शूटिंग हो रही थी, उस दिन तमन्ना भाटिया का जन्मदिन था, जो उन्हें बिल्कुल भी याद नहीं था। उन्होंने बताया कि डांस करने के चक्कर में वह अपना बर्थडे तक भी भूल गई थीं, लेकिन सेट पर लोगों ने उनका बर्थडे सेलिब्रेट किया।

तमन्ना भाटिया ने वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, वो रात से आज की रात तक..., मौसम बहुत ठंडा था, लेकिन लोगों का प्यार बहुत गर्म था। मेरा सबसे अच्छा बर्थडे। वक्त बर्बाद किए बिना 'आज की रात' पर अपना प्यार बरसाएं। फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, 15 अगस्त को रिलीज होगी।

## फिल्ममेकर सिनेमा के असली सितारे : कंगना रनौत

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्म निर्माताओं को सिनेमा का असली सितारा बताया है। निर्देशक आदित्य धर ने अपनी अगली फिल्म के लिए रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल के साथ अपने मेगा प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इस फिल्म में पोस्टर में अभिनेता रणवीर सिंह,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल के साथ निर्देशक आदित्य धर भी हैं। कंगना रनौत ने अभिनेताओं के साथ पोस्टर में निर्देशक आदित्य को शामिल करने के लिए निर्माताओं की सराहना की। कंगना ने एक्स पर इस प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए लिखा, इस घोषणा के बारे में, जो सबसे सराहनीय है और जिसकी मैं तारीफ करती हूं वह यह है कि सितारों के बीच निर्देशक की तस्वीर भी है। फिल्म निर्माता सिनेमा के असली सितारे हैं, उनके साथ अलग तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। पूरी टीम को बधाई। बताया जा रहा है कि इस फ़िल्म का निर्माण जियो स्टूडियो की ज्योति देशपांडे और लोकेश धर और आदित्य धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियो के तहत किया है। इस फिल्म की शूटिंग अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है।

## रणबीर कपूर के साथ फिर से काम करना चाहते हैं आदित्य रॉय कपूर


मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर, रणबीर कपूर के साथ फिर से काम करना चाहते हैं। आदित्य रॉय कपूर ने रणबीर कपूर के साथ वर्ष 2013 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म ये जवानी है दीवानी में काम किया था। अयान मुखर्जी निर्देशित और करण जौहर निर्मित ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण और कल्की कोचलीन ने भी अहम भूमिका निभायी थी। आदित्य रॉय कपूर, रणबीर कपूर के साथ फिर से काम करना चाहते हैं।आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं रणबीर के साथ फिर से काम करना चाहता हूं। हमने फिल्म ये जवानी है दीवानी में काम करने के दौरान काफी अच्छा समय बिताया। इसलिए यदि कोई फनी स्टोरी लिखता है जिसमें मैं और रणबीर कास्ट किए जा सकते हैं तो मैं जाहिर तौर पर उसमें काम करना चाहूंगा।

## हॉलीवुड में काम करना चाहती है तृप्ति डिमरी

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी हॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती है। तृप्ति डिमरी इन दिनों फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे पहले से तृप्ति डिमरी फिल्म 'एनिमल' की सफलता का लुत्फ उठा रही थीं, जिसके जरिए उन्हें 'नेशनल क्रश' का टैग भी मिला। तृप्ति डिमरी ने अब हॉलीवुड फिल्मों में जाने की इच्छा जताई है। चर्चा है कि तृप्ति पश्चिमी फिल्म उद्योगों में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं और वह किसी फिल्म में एक छोटा सा हिस्सा लेने के लिए भी तैयार हैं, जो उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। तृप्ति डिमरी ने कहा, 'यदि मुझे कहीं एक छोटा सा किरदार भी मिल जाता है तो मुझे लगेगा कि यह वाकई मददगार होगा, क्योंकि मुझे हॉलीवुड के अभिनेताओं के काम करने का तरीका बहुत पसंद है।

सम्मानित



चंबा में रविवार को उपायुक्त एवं मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला का स्वागत किया और सम्मानित किया।

# फिल्म 'जया 2' अगस्त को होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार की फिल्म जया, 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी और फिल्ममेकर रत्नाकर कुमार ने फिल्म जया के रिलीज की घोषणा कर दी है। भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और बॉलीवुड अभिनेता दया शंकर पांडे के अभिनय से सजी फिल्म जया 02 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शन को तैयार है। इस फिल्म का प्रीमियर 30 जुलाई मुंबई, 01 अगस्त पटना और 03 अगस्त को वाराणसी में किया जाएगा। वही 02 अगस्त को फ़िल्म जया पूरे भारत में एक साथ रिलीज होने जा रही है।



रत्नाकर कुमार ने कहा कि जया 02 अगस्त को पूरे भारत मे एक साथ रिलीज होने को तैयार है।जिसके लिए व्यापक स्तर पर पूरी तैयारियां की गई है। हमारे दर्शक भी कई दिनों से हमसे सवाल पूछ रहे थे कि जया कब रिलीज होगी। इसी इंतजार को खत्म करते हुए हमने इसके प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। फिल्म में दर्शकों को एक अलग और मन झंझोड़कर रख देने वाली कहानी देखने को मिलेगी।

वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत फ़िल्म जया के निर्माता रत्नाकर कुमार और को प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार हैं, वही निर्देशन धीरू यादव और लेखन धर्मेंद्र सिंह ने किया है।फिल्म के लिरिक्स समीर सय्यद ने लिखे हैं। वहीं फिल्म का म्यूजिक साहिल खान एंड धीरू यादव, लिरिक्स शकील आज़मी, एग्जेक्यूटिव प्रोड्यूसर राजेश सिरसट, बिज़नेस हेड इमरोज़ अख्तर(मुन्ना), कोरियोग्राफर महेश आचार्य, एडिटर सनी सिंह, डीआई निमेष चौधरी, बैकग्राउंड म्यूजिक एसएस ब्रदर, मिक्सिंग इंजीनियर सरोज शर्मा, वीएफएक्स सोनू मधेसिया,सिंक साउंड शत्रुघ्न सिंह,एसोसिएट डिरेक्टर सतीश दुबे, आर्ट सिकंदर विश्कर्मा एंड चंदन आर्ट, प्रोडक्शन जुबेर शाह, स्टिल फोटोग्राफर पंकज सक्सेना,पब्लिसिटी डिजाइन सागर सिन्हा हैं। फिल्म जया में माही श्रीवास्तव, दया शंकर पांडे, सुकेश आनंद, मनु कृष्णा, महेश आचार्य, धर्मेंद्र सिंह, राव रणविजय, ओमी कश्यप, रंभा साहनी, सोनाली मिश्रा, जुबेर शाह, योगेश पांडे, सोनू कुमार, निरंजन चौबे,अनामिका राय, नीरज कुमार सिंह, अनिता तिवारी, राम बिलास सिंह, सरिता सिंह, उत्पल सिंह, अभिषेक सिंह हैं।

# कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया है : बरखा बिष्ट

मुंबई/एजेन्सी

टेलीविजन इंडस्ट्री में लंबे समय के बाद वापसी करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कहा कि भले ही वह कुछ समय से टेलीविजन से दूर थीं, लेकिन उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। बरखा ने कहा कि टेलीविजन मेरे लिए हमेशा से ही घर जैसा रहा है।

यह एक ऐसी जगह है जहां मैं सही मायनों में अपने दर्शकों से सही से जुड़ सकती हूं। साथ ही अपने किरदारों को जीवंत कर सकती हूं। भले ही मैं कुछ समय टेलीविजन से दूर रही हूं, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया है। वर्तमान में एक्ट्रेस पारिवारिक ड्रामा 'मेरा बालम थानेदार' में अभिनय कर रही हैं,



जिसमें वह मीठी माई की भूमिका निभा रही हैं। पारिवारिक ड्रामा 'मेरा बालम थानेदार' में अपनी भूमिका के बारे में बरखा ने बताया, मीठी माई का किरदार निभाना एक बहुत ही संतोषजनक और समृद्ध अनुभव रहा है। अपने इस किरदार के प्रति मेरा एक खास दृष्टिकोण है। यह यात्रा प्यार, चुनौतियों और अविश्वसनीय क्षणों से भरी हुई है, जिन्हें मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।

एक्ट्रेस ने कहा कि उनका किरदार बुलबुल और वीर (श्रुति चौधरी और शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) के जीवन में कई उतार-चढ़ाव लाएगा। उन्होंने आगे बताया, मुझे लगता है कि ये उतार-चढ़ाव दर्शकों को शो से जोड़े रखते हैं। इस भूमिका ने मुझे न केवल अपने अभिनय के नए पहलुओं को तलाशने का मौका दिया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में जगह बनाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने दर्शकों के अटूट समर्थन और स्नेह के लिए बेहद आभारी हैं, जो उन्हें हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। शो 'मेरा बालम थानेदार' कलर्स पर प्रसारित होता है।



# जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगी वेब सीरीज 'दस जून की रात'

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर की वेबसीरीज दस जून की रात जियो सिनेमा पर 04 अगस्त से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज दस जून की रात में तुषार कपूर के साथ बिगबॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी की मुख्य भूमिका होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है।यह कॉमेडी-थ्रिलर सीरीज रानीगंज शहर पर आधारित होने वाली है।

ट्रेलर में देखा जा सकता है कि इस सीरीज में तुषार कपूर का किरदार भाग्येश के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसे लोग पनौती भी समझते हैं, क्योंकि जब वह पैदा हुए तो थिएटर बंद हो गया और स्कूल गए तो छत गिर गई।वहीं, अब पनौती का एकमात्र सपना अपने थिएटर को फिर से खोलना और अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाना है। जियो सिनेमा पर दस जून की रात 04 अगस्त को स्ट्रीम होने वाली है। इस सीरीज को तबरेज खान ने निर्देशित किया है। इसे सचिन मोहिते ने जसवंद एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले निर्मित किया गया है। एकता कपूर इसकी सह-निर्माता हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री मलयप्रभसागरजी ने एक अद्भुत भाव दीक्षा कार्यक्रम 'म्हारे तो लेवानी छे दीक्षा' प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा दीपक एकाशना का आयोजन भी किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**रक्तदान शिविर**

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा प्रथम रक्तदान शिविर सीरवी समाज नंदिनीलेआउट बडेर में आयोजन किया जिसमें 56 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने सीरवी समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया तथा शिविर प्रायोजक का सम्मान किया। शिविर में एमबीडीडी प्रभारी सुनील मेहता, जयंतीलाल गाँधी, विनोद कोठारी, रवि चौधरी, सचिन हिंगड़, प्रमोद मेहता, आशीष मांडोत एवं संयोजक योगेश मेहता, जितु मेहता ने व्यवस्थाओं मे सहयोग किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**नेत्र परीक्षण शिविर**

बेंगलूरु के विजय संभव फाउन्डेशन ने आलोका विजन प्रोग्राम के साथ मिलकर जीएमपीएस राजकीय विद्यालय राजीव गांधी नगर बोम्मनहल्ली में निशुल्क नेत्र परीक्षण करवाय तथा 33 विद्यार्थियों व अभिभावकों को चश्मा वितरण किए। स्कूल की ओर से फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस और उनकी टीम का सम्मान किया गया।



# बसवनगुड़ी दादावाड़ी में 'म्हारे तो लेवानी छे दीक्षा' की भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री मलयप्रभसागरजी ने एक अद्भुत भाव दीक्षा कार्यक्रम 'म्हारे तो लेवानी छे दीक्षा' प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा दीपक एकाशना का आयोजन भी किया गया। दादावाडी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने सभी तपस्यार्थियों की अनुमोदना की। एक वर्ष तक रात्रि भोजन त्याग का संकल्प कर ललित डाकलिया ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में ज्ञान वाटिका के बच्चों ने सुन्दर नृत्य नाटिकाएं और दीक्षा लेने के लिए प्रेरित करते हुए नाटकीय संवाद प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुनिश्री मुकुलप्रभसागरजी व साध्वीश्री स्वर्णांजनाश्रीजी ने निश्रा प्रदान की। इस संगीतमय भाव दीक्षा में संतश्री ने कहा कि दूध और पानी की तरह हमें चारित्र और आत्मा में एकमेक हो जाना है। हमें मन में यह ध्यान करना है कि हम दीक्षा लेकर परमात्मा के हाथों से रजोहरण प्राप्त करके प्रसन्नता पूर्वक नृत्य कर रहे हैं। भाव दीक्षा कार्यक्रम के दौरान गुरुवर ने कहा कि इस संसार में आत्मा ने भटकते भटकते कितने ही रूप धारण किए, अनन्तों बार 84 लाख योनियों में चारों गतियों में भटकते रहे, लेकिन भावपूर्ण दीक्षा का हमारे अंतर में दीप नहीं जल पाया।

द्रव्य दीक्षा तो बहुत ली है लेकिन भाव दीक्षा अभी तक नहीं ली। परमात्मा की वाणी मिली उनके वेश को अनेकों बार धारण किया लेकिन संसार में आसक्ति बनी रही। मेरु पर्वत जितने हमने रजोहरण प्राप्त कर लिए लेकिन अभी तक हमारे अंतर में भाव दीक्षा का दीप नहीं जला। संतश्री ने कहा कि सुख तो हमारे अंदर ही है, बाहर के तो बहुत नजारे देखे लेकिन एक बार हमारे चक्षु अंतर की ओर खोलने हैं कुबेर और लक्ष्मी का खजाना कम पड़ जाए ऐसा खजाना हमारे अंतर में छुपा हुआ है अंतर चक्षु खोलने से ही हम सच्चा सुख प्राप्त कर सकते हैं।

संतश्री ने कहा कि हमें इच्छाओं का अंत करना है। परमात्मा ने हमें संयम का बहुत ही सुंदर मार्ग दिखाया है। संसार के प्रत्येक प्राणी को 'जिन' बनाने का मार्ग दिखाया है। हमें बाहर से लगता है कि संयम में बहुत कष्ट है लेकिन इन कष्टों में भी साधु सारे मस्त हैं। इन सुखों की अनुभूति शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। इन सुखों में भी अनंत आत्माएं लीन है। हो सकता है साधु जीवन में थोड़े कष्ट हों, लेकिन यह थोड़े कष्ट तो संसार में भी है। प्रभु महावीर ने भी कहा है कि संसार को जानना है तो पहले खुद को जानो, एक स्वयं को जान लिया तो संसार को जान जाएंगे। अब हमारी भव भ्रमणा को सीमित करते हुए अंतर में जाकर संयम ग्रहण करना है। आज की भाव दीक्षा का सारांश यही है कि मां ने जन्म दिया गुरु ने जीवन दिया और परमात्मा ने जीवन और मृत्यु दोनों को मिटा दिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी उपस्थित जन परमात्मा के हाथों रजोहरण प्राप्त करने की भावना से नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द कोठारी ने किया।



# व्यापारियों के हित में गठित किया गया है नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड : सुनील सिंघी

## मैसूरु जीतो ने कराई वेलफेयर बोर्ड की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के तेरापंथ भवन में जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की ट्रेडर्स मीट क्रॉन्फेन्स सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि रुप में नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड दिल्ली के चेयरमैन सुनील सिंघी, बोर्ड सदस्य प्रकाश पिरगल, जीतो के अशोक गजानन आदि उपस्थित थे। जीतो लेडीज सचिव रजनी डागलिया ना स्वागत गीत गाया। जीतो चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान ने सभी का स्वागत किया तथा अतिथियों का सम्मान किया। मुक्य अतिथि सुनील सिंघी ने अपने सम्बोधन में उपस्थित व्यापारियों को ट्रेडर्स बोर्ड की आवश्यकता, कार्यशैली व महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बोर्ड के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा अनेक क्षेत्रों में बोर्ड की शाखाएं खोली जाएंगी।

इस कार्यक्रम में जीतो सदस्यों के साथ 300 व्यापारियों ने भाग लिया। जीतो के मुख्य सचिव गौतम सालेचा ने संचालन करते हुए जीतो के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जीतो के उपाध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया, प्रेम पालरेचा, रमेश नोलखा, यूथ विंग चेयरमै पुनीत श्रीश्रीमाल, महीला चेयरपर्सन मोना भटेवरा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**मुलाकात**

बेंगलूरु इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश धोका, उपाध्यक्ष विशाल वरन्दानी, उदेश पुरोहित, महामंत्री अरुण लुणावत के साथ अन्य सदस्यों ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से मासिक जनसम्पर्क सभा में मुलाकात की और उन्हें एसपी रोड की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन भी दिया। प्रवक्ता ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी रोड में पुलिस चौकी स्थापित करने की तथा पार्किंग के समाधान की मांग काफी लम्बे समय से चल रही है।





# सूक्ष्म प्रतिज्ञा की साधना बड़ी होती है : साध्वी उदितयशा

## बेंगलूरु स्तरीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर तेरापंथ भवन में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में बेंगलूरु स्तरीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत द्वारा किया गया।प रिषद् द्वारा संचालित प्रज्ञा संगीत सुधा ने मंगलाचरण किया। परिषद् अध्यक्ष विमल धारीवाल व सभा अध्यक्ष पारसमल भंसाली ने उपस्थित सभी युवाओं का स्वागत किया। परिषद् प्रभारी अमित दक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बेंगलूरु परिषद् अभातेयुप निर्देशित सभी कार्यों को भव्य रूप से संपादित करती आ रही है। परिषद् के गौरवशाली इतिहास को आप सभी ने और गौरवमयी बनाया है। प्रतिज्ञा हमारे जीवन में क्यों, कब और कैसे इस पर अपने विचार रखे। अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में परामर्शक मुख्य वक्ता विमल कटारिया ने छोटे छोटे संकल्पों के द्वारा अपने आप का विकास करना बताया।मुख्य वक्ता सीपीएस राष्ट्रीय प्रशिक्षक अरविंद मांडोत ने प्रतिश्रुति की व्याख्या कर संकल्पों की साधना और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। पवन मांडोत ने विभिन्न कहानियों के माध्यम से संकल्प और प्रतिज्ञा का महत्व बताया और आगामी रविवार को आयोजित होने वाली दक्षिणांचल युवा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी युवा साथियों को संकल्पित होने के लिये आह्वान किया।

साध्वी श्री भव्ययशाजी ने गीतिका के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त की और वीतरागता के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। साध्वीश्री शिक्षाप्रभाजी ने गीतिका का संगान किया। साध्वी श्री संगीतप्रभा जी ने अपने विचार व्यक्त किये और कहा की युवा तो अपनी राह स्वयं बनाते है और युवाओं को सहिष्णु बनना चाहिये। साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा कि जो मनुष्य असत्य से सत्य की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ता है अपने जीवन में ये संकल्प को स्वीकार करता है वो परम लक्ष्य को प्राप्त करता है। नियम जितने सूक्ष्म होते है उसकी साधना उतनी ही बड़ी होती है, जिस प्रकार तलवार की धार जितनी सूक्ष्म और तेज होती वो उतनी ही ख़तरनाक होती है। प्रतिज्ञा और संकल्प को सिद्ध करने के लिये आग होनी चाहिए, ललक होनी चाहिये और युवा का पर्याय ही आग माना जाता है। इस अवसर पर अभातेयुप परिवार के साथ शहर की सभी परिषदां के पदाधिकारी, युवा शक्ति आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री राकेश चोरड़िया ने किया और आभार कार्यशाला संयोजक आलोक कुंडलिया ने किया।



# माँ बाप के चरणों की सेवा से बढ़कर कोई स्वर्ग नहीं है : साध्वीश्री धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने गुरु मिश्री दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि किस्मत वाले हैं वे माता-पिता जिनकी उनके बच्चे सेवा करते हैं, उनका आदर सत्कार -सम्मान करते हैं।

संसार में यह सत्य है कि जिनके बच्चे अपने भाता पिता की आज्ञा का पालन करते हैं वहीं माता पिता सबसे अमीर होते हैं। जीवन में बहुत तरक्की करो और अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुडे रहो। साध्वीश्री ने कहा कि संसार में सब कुछ वापस पलट कर आता है तात्पर्य यह कि जो माता-पिता पर अन्याय, अत्याचार करता है उन्हें उत्पीडन देता है तो भी वो भी दुर्गतियों का शिकार बनता है। उसे अपनी ही करनी को ब्याज सहित भुगतना पड़ता है। माँ बाप के चरणों की सेवा से बढ़कर कोई स्वर्ग नहीं है। माँ बाप तो दुनिया के सबसे प्रथम और सबसे बड़े तीर्थ है। जिस सन्तान ने इन तीर्थों की सेवा की है उसे अन्य तीर्थी पर भटकने की आवश्यकता नहीं है।

साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने कहा कि जिन्होंने हमें जन्म दिया, पाल पोसकर बड़ा किया, जिन्होंने हमारे जीवन का निर्माण किया उनके प्रति भक्ति होनी चाहिए। हमारे ऊपर यदि किसी का प्रत्यक्ष उपकार है तो वो है हमारे माता और पिता का। वो केवल एक माँ ही होती जिसका प्रेम बच्चे को जन्म से भी नौ महीने पहले मिलना प्रारम्भ हो जाता है। वो लोग बड़े भाग्यशाली होते हैं जिनको माता-पिता की सेवा करने का सुअवसर प्राप्त होता है। बाकी कोई कार्य करने से पुण्योपार्जन होगा या नहीं मगर जिसने तहेदिल से अपने माता पिता की सेवा की है तो उसके सोये हुए भाग्य के द्वार अवश्य खुलेंगे। शास्त्रों में माता-पिता की सेवा को

सेवा का नहीं बल्कि भक्ति का नाम दिया गया है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष गौतमचन्द सिंघवी, पूर्वाध्यक्ष कल्याण सह बुरड हुक्मीचंद कांकरिया, पदमराज मेहता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। हनुमंतनगर युवक मंडल की पूरी टीम ने सभी व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। विल्सन गार्डन से भी नवयुवक मंडल ने साध्वीवृन्द के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। धर्म सभा का संचालन करते हुए मंत्री सुरेशकुमार धोका ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभा में महिला मण्डल हनुमंतनगर एवं बहु मण्डल बालिका मंडल के संयोजन में बहुत ही मर्मस्पर्शी, करुणा, प्रेम भावों से भरी 'मां की ममता' विषय पर जीवन्त नाटिका की प्रस्तुति दी गई। संघ की ओर से सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।



# सैनिक हमारे देश का गर्व, आन, बान व शान हैं : मुणोत

## विजयनगर में निकाली गई कारगिल विजय रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल कर्नाटक पूर्व सैनिक संघ और प्रियकृष्ण फाउंडेशन के सहयोग से विजयनगर स्थित बालगंगाधरनाथ स्वामी स्टेडियम में 'राइड एंड ड्राइव विद् सोल्जर्स' रैली का आयोजन किया गया। यह देशभक्ति कार्यक्रम कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया। मानेक शाह मैदान से बाइक रैली के साथ शुरुआत हुई, समापन समारोह विजयनगर के में हुआ। इस कार्यक्रम में देश की सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों और वर्तमान सैनिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में विजयनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एम कृष्णप्पा, गोविंदराजनगर क्षेत्र के विधायक प्रियकृष्ण, विजयनगर मारुति मेडिकल्स के प्रमुख महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। मंच पर कई सैनिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महेंद्र मुणोत ने कहा कि सैनिक हमारे देश का गर्व है, आन, बान व शान हैं। आज हम हमारे घर शहर में सुरक्षित है क्योंकि देश की सीमाओं की रक्षा हमारे जबांज सैनिक करते हैं। सीमाओं पर सैनिकों का देश को छोड़कर कोई भगवान नहीं है। सैन्य योद्धाओं के बिना देश शून्य के बराबर है। इस मौके पर पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष एनके शिवन्ना ने कार्यक्रम का संचालन किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**महाभिषेक**

बेंगलूरु के चिंतामणि चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर महालक्ष्मी लेआउट प्रांगण में रविवार को साध्वीश्री नयदर्शाश्रीजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में परमात्मा का श्री सिद्धसेन दिवाकरसूरीश्वरजी के द्वारा रचित शक्रस्तव महाभिषेक कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# बाफना बने मूर्तिपूजक युवक महासंघ बेंगलूरु शाखा के अध्यक्ष और चोपड़ा बने मंत्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवक महासंघ के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी के नेतृत्व में बेंगलूरु शाखा कि नई कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सिंघी ने नई कार्यकारिणी समिति को शुभकामनाएं दी। बेंगलूरु शाखा में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मनोज बाफना को तथा मंत्री पद की जिम्मेदारी गौतम चोपड़ा को सौंपी गई है।

पदम् मुथा, महावीर हुंडिया व चंद्रकांत तातेड़ को उपाध्यक्ष, नरेन्द्र सदाणी व महेन्द्र श्रीश्रीमाल को सहमंत्री, दिलीप वेदमूथा को कोषाध्यक्ष, महावीर छाजेड़ व सुरेश लखानी को सहकोषाध्यक्ष, गौतम पोरवाल व महेन्द्र सोलंकी को संगठन मंत्री, कुलदीप पोरवाल व आशीष बाफना को प्रचार प्रसार मंत्री बनाया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक भंडारी, इन्दरचन्द नाहर व पृथ्वीराज मेहता को शामिल किया गया है ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सरस्वती पूजा**

बेंगलूरु के मागडी रोड संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री शीलप्रज्ञाश्रीजी एवं रत्नाश्रीजी की निश्रा मे माँ सरस्वती देवी पूजन का आयोज किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। भरतकुमार पुनमिया परिवार की तरफ पूजा पढ़ाई गई।

# ममता बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं का शानदार स्वागत कर रही हैं: गिरिराज

जोधपुर। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं का शानदार स्वागत कर रही हैं तथा एक नया राष्ट्र बनाना चाहती हैं। सिंह जोधपुर की दो दिवसीय यात्रा पर हैं और इस दौरान उन्होंने कपड़ा, हथकरघा एवं हस्तशिल्प कारोबारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत में जनसंख्या विस्फोट पर चिंता व्यक्त की और जनसंख्या नियंत्रण कानून की वकालत की।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. Editor-Shreekant Parashar,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com